## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में एक निजी कर्मचारी और एक पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना खजुरिया क्षेत्र के गुलामगंज निवासी राहुल उत्तराखंड के रुद्रपुर शहर स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। शुक्रवार की रात वह बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच सिसौना गांव के निकट बाइक के सामने छुट्टा पशु आ गया। जिसकी टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस के माध्यम से घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां घायल की स्थिति गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना नेशनल हाईवे स्थित गांव पंजाबनगर के निकट घटी। पंजाब के डिडवा मंडी निवासी संदीप कुमार पिकअप चालक है। वह अपनी पिकअप में कंपनी का माल लेकर उत्तराखंड की ओर जा रहा था। सामने से आ रहे एक छोटा हाथी वाहन से उनकी पिकअप की टक्कर हो गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### शादी समारोह में गए बुजुर्ग की हादसे में मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी रामगुलाम(75) की बरेली में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। वह रामपुर स्थित ससुराल पक्ष की ओर से एक विवाह समारोह में शामिल होने बरेली गए थे। हादसे की खबर मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गईं, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। रामगुलाम के साले के बेटे की बारात शनिवार को बरेली गई थी। वह रामपुर से चार पहिया वाहन में सवार होकर बरेली गए थे। देर रात वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में रामगुलाम सहित तीन लोगों की मौत हो गई। अन्य दो रामपुर निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन बरेली पहुंचे। तब तक पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद शव शिवपुरी पहुंचा तो कोहराम मच गया।

### पति की आत्महत्या में पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पति को आत्महत्या के लिए उकसाने वाली आरोपी पत्नी व उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान दिया। मोहल्ला रम्पुरा रुद्रपुर उत्तराखंड निवासी मनीषा देवी द्वारा 20 फरवरी को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उसकी मां हरिया देवी के गांव फुलसुगी थाना ट्रांजिट कैंप उधमसिंह नगर उत्तराखंड निवासी विजय साहनी के साथ अवैध संबंध थे। जिसकी वजह से मां व पिता छोटेलाल के बीच विवाद रहता था। इसी वजह से पिता छोटेलाल ने 19 फरवरी की रात जहर खा लिया। जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। बाद में पुलिस ने हरिया देवी व प्रेमी विजय साहनी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर मामले में वांछित हरिया देवी तथा विजय साहनी को दिबदिबा रोड पर रानी फॉर्म के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में रूद्र-बिलास चौकी प्रभारी चंद्रवीर सिंह, राजदीप सिंह, आशीष कुमार, सुनीता देवी आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## होलाष्टक कल से, आठ दिन नहीं होंगे मांगलिक कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** होली से पहले आने वाले होलाष्टक को लेकर शहर में धार्मिक माहौल बनने लगा है। इस वर्ष होलाष्टक 24 फरवरी से शुरु होकर तीन मार्च तक रहेगा। इन आठ दिनों के दौरान किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे। मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।



पुजारी परशुराम उपाध्याय।

स्फटिकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी परशुराम उपाध्याय के अनुसार फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से पूर्णिमा तक के आठ दिन होलाष्टक कहलाते हैं। यह अवधि होली से ठीक आठ दिन पहले प्रारंभ होती है, इसलिए कई स्थानों पर इसे 'होलियां' भी कहा जाता है। शास्त्रों में इन दिनों को शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार होलाष्टक के दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत संस्कार सहित सभी मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। मान्यता है कि इस अवधि में ग्रहों का प्रभाव उग्र रहता है और नकारात्मक शक्तियों की सक्रियता बढ़ जाती है, जिससे शुभ कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। बताया कि पूजा-पाठ, मंत्र जाप, दान-पुण्य, सत्संग और विष्णु के नरसिंह अवतार का ध्यान करना फलदायी माना गया है।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय मेले में पशुपालकों को दी गई पशु चिकित्सा की जानकारी

## पशु आरोग्य मेले में 7399 पशुओं का किया उपचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विधायक व गो सेवा आयोग के सदस्य ने किया गो पूजन

**अमृत विचार :** विकासखंड मूंढापांडे स्थित सेंट एंथनी स्कूल परिसर में मंडल स्तरीय पं. दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला रविवार को आयोजित किया गया। इसमें 7399 छोटे-बड़े पशुओं का निशुल्क उपचार किया गया।

मेले का आरंभ कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने गो पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त व गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल भी मौजूद रहे।

शिविर में गोवंश, महिष वंश, भेड़, बकरी एवं अन्य पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील दत्त प्रजापति ने बताया कि मेले में 2700 पशुओं की सामान्य चिकित्सा, 2875 पशुओं की बांझपन चिकित्सा, 60 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, 165 का बधियाकरण, 1467 पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाई गई। वहीं 83 मादा पशुओं का गर्भ परीक्षण तथा 49 पशुओं की शल्य चिकित्सा दी गई। कार्यक्रम में पशुपालन निदेशालय, लखनऊ से आए संयुक्त निदेशक डॉ. हेमंत नौटियाल ने निदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया। विधायक रामवीर सिंह ने मेले की सराहना कर पशुपालकों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने 1962 मोबाइल एम्बुलेंस सेवा से घर पर निःशुल्क उपचार सुविधा की जानकारी भी दी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने मेले के उद्देश्यों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। अपर निदेशक डॉ. जगदीश प्रसाद ने विभागीय योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला।



गो पूजन करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह व गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल।

मेले में कृषि, उद्यान, बैंक, कृषि विज्ञान केंद्र, पराग डेयरी, मत्स्य विभाग एवं स्वयं सहायता समूहों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। मेले का आयोजन प्रभारी डॉ. अखिलेश सागर के नेतृत्व में किया गया।

## नवीन मंडी में छापा, 8.25 लाख का खजूर सीज

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, लोकल खजूर ब्रांडेड कंपनी के नाम बेचने की मिली थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रमजान व होली के दौरान जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नवीन मंडी स्थल में छापेमारी करने के अलावा बिलारी में भी दुकान की जांच की। मंडी में लोकल खजूर को कई ब्रांडेड कंपनी के नाम पैकिंग कर लोगों को चूना लगाने की शिकायत पर टीम ने सवा आठ लाख कीमत का खजूर सीज कर दिया। वहीं बिलारी में एक प्रतिष्ठान पर छापेमारी के दौरान 168 लीटर सरसों का तेल जब्त किया। कार्रवाई से दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश के नेतृत्व में टीम नवीन मंडी स्थल पहुंची। यहां पर कुछ कारोबारियों के द्वारा लोकल खजूर को महंगे दाम पर बेचने के लिए नामी ब्रांडेड कंपनियों के पैकिंग में भरकर बेचने की शिकायत विभाग को मिली थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम की छापेमारी से मंडी में हड़कंप मच गया। टीम ने मेसर्स ईशा डेट्स कंपनी पर छापेमारी में खजूर के दो नमूने लिए।



एप्पल फूड कंपनी में कार्रवाई करती खाद्य विभाग की टीम। • अमृत विचार



कंपनी में चेकिंग करते अधिकारी। • अमृत विचार

साथ ही लगभग 1500 किलो खजूर जिसका मूल्य 1,05,000 रुपये बताया गया को सीज किया। इसके अलावा टीम ने मेसर्स अल वदूद डेट्स के प्रतिष्ठान पर छापेमारी में खजूर के दो नमूने लिए और 7320 किलोग्राम मूल्य 5,12,400 रुपये और 828 किलोग्राम कीमिया गोल्ड ब्रांड खजूर मूल्य 2,07,000 को सीज कर दिया।

नमूनों को जांच के लिए टीम ने प्रयोगशाला भेजा। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन टीम में कमलेश कुमार, कृष्ण गोपाल यादव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बिलारी में 168 लीटर सरसों का तेल जब्त

प्रवर्तन दल ने एक अन्य स्थान बिलारी में मेसर्स गोपाल की दुकान पर छापेमारी की। यहां से सरसों के तेल का नमूना लेने के बाद 168 लीटर सरसों का तेल सीज किया, जिसकी अनुमानित कीमत 28,560 रुपये बताई गई।

## रामपुर की बेटी ने जापान में देश का नाम रोशन किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अंतर्राष्ट्रीय एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में कांस्य जीता

**अमृत विचार :** रामपुर जिले के ग्राम किशनपुर अटरिया निवासी किसान भगवानदास की बेटी उजाला ने जापान के फुकोका शहर में हुई एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में उजाला ने कांस्य पदक जीता है।

जापान के फुकोका शहर में 21 फरवरी को हुई वर्ल्ड एथलेटिक्स की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में एशिया महाद्वीप के सभी देशों के करीब एक हजार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उजाला ने इस प्रतियोगिता में कांस्य मेडल जीता है। उजाला खेतों की पगडंडी, गांव के कच्चे रास्तों से होकर महात्मा गांधी स्टेडियम पर होने वाली प्रतियोगिताओं में दौड़ी है। उन्होंने खेलों की शुरूआत शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में कोच रणदीप सिंह की देखरेख में की। उजाला ने फोन पर बताया कि जीत से काफी खुश हैं। कोच के दिशा निर्देशन में काफी मेहनत की और विभागीय अधिकारियों का पूरा सहयोग रहा। उजाला की इस जीत पर सभी खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। रामपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव फरहत अली खान ने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार, फहीम अली, मोहम्मद जीशान आदि ने शुभकामनाएं दी हैं। फिलहाल उजाला यूपी पुलिस में कार्यरत है।



जापान में तिरंगा लहराती उजाला।

## लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के क्रम में रविवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद सय्यद माऊज़ बिन आसिम के दिशा निर्देशन में और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपस्या त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रविवार को पंचायत भवन में मेगा शिविर आयोजित किया गया। इसमें हजारों लाभार्थियों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त किया।

शिविर का आरंभ उच्च न्यायालय, इलाहाबाद/ प्रशासनिक न्यायमूर्ति मुरादाबाद नीरज तिवारी ने किया। विभिन्न विभागों के 22 स्टॉल लगे। जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान कार्ड निर्माण, दिव्यांगजन के लिए ट्राइसाइकिल वितरण, श्रवण यंत्र वितरण और अन्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्रों को लाभन्वित किया गया। आयोजन में सतयुग दर्शन कला केन्द्र, कौशल्या गर्ल्स स्कूल, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के विधि छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने कहा कि शासन की मंशा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।



पंचायत भवन सभागार में मौजूद न्यायमूर्ति नीरज तिवारी, जनपद न्यायाधीश सैयद माऊज़ बिन असिम, मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल व अन्य।

- प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने किया मेगा शिविर का आरंभ

इस दौरान जनपद न्यायाधीश सय्यद माऊज़ बिन आसिम, पीठासीन अधिकारी प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, पीठासीन अधिकारी वाणिज्यिक न्यायालय, पीठासीन अधिकारी लारा, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अलावा मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, डीएम अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व कई न्यायिक अधिकारी, पराविधिक स्वयं सेवक आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, मिलक

- मिलक क्षेत्र के ग्राम रास डांडिया शहनाई मंडप के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** मिलक थाना क्षेत्र में मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार जेसीबी ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक बिट्टू।

रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे ग्राम रास डांडिया शहनाई मंडप के समीप भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां थाना केमरी के ग्राम मुझियाना निवासी बिट्टू(28) बाइक से भट्ठे पर काम करने जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से बाइक सवार बिट्टू गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल बिट्टू को नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बिट्टू को मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम मच गया। केमरी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना केमरी इंस्पेक्टर हिमांशु चौहान ने बताया कि हादसे के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला ला जा रहा है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### बीमारी से बेटे की हो चुकी मौत

अस्पताल में मौजूद बिट्टू के परिजनों ने बताया कि बिट्टू भट्ठे पर जेसीबी ड्राइवर का कार्य कर पूरे परिवार का पालन पोषण करता था। वह दो भाइयों में सबसे बड़ा था। विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था। कुछ दिन पूर्व ही पुत्र का जन्म हुआ था, जिसकी बीमारी के कारण मृत्यु हो गई।

### सड़क किनारे कैंटर ने तीन को रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**सैदनगर, अमृत विचार :** स्वार रोड पर सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को कैंटर ने रौंद दिया। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र के करनपुर पेट्रोल पंप के पास हुआ। खेमपुर इमरती निवासी हाजी अली अहमद और मुख्तियार अली किसी काम से करनपुर पुलिया पर गए थे। दोनों को देख इमरता निवासी हिफजे अली ने बाइक रोक ली। तीनों सड़क किनारे खड़े होकर बात करने लगे। सामने से आ रही अनियंत्रित कैंटर ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने कैंटर का पीछा किया तो चालक अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने सभी घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मुख्तियार अली(60) को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। दोनों घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है जिन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया परिजनों की ओर से भी कोई तहरीर नहीं मिली है।






## खानपान में लापरवाही से कम उम्र में हो रहा गठिया

- जिला अस्पताल में रोजाना पहुंच रहे 15-20 मरीज
- खानपान सुधारने व व्यायाम की सलाह दे रहे डॉक्टर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बदलती जीवनशैली और फास्टफूड के अत्यधिक सेवन से अब युवाओं को हड्डियों संबंधित बीमारियां जकड़ रही हैं। जिला अस्पताल में इन दिनों 20 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो जोड़ों के दर्द, सूजन और अकड़न की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 15 से 20 लोग गठिया और हड्डियों की कमजोरी से संबंधित समस्याओं के साथ परामर्श ले रहे हैं।

चिकित्सकों का कहना है कि जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में कैल्शियम, विटामिन-डी और जरूरी पोषक तत्वों की कमी होती है। शारीरिक गतिविधि में कमी व धूप से दूरी हड्डियों को कमजोर बना रही है। युवाओं में समय से पहले ऑस्टियोआर्थराइटिस और अन्य जोड़ों की समस्याएं देखने को मिल रही हैं। जिला अस्पताल के आर्थो सर्जन डॉ. एसएस कक्कड़ ने बताया कि फास्टफूड और अनियमित दिनचर्या हड्डियों को धीरे-धीरे खोखला कर रही है।

युवाओं को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और धूप लेना जरूरी है। शुरुआती लक्षण दिखते ही डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए, जिससे बीमारी को बढ़ने से रोका जा सके। मरीजों को दवाओं के साथ जीवनशैली में बदलाव की सलाह दे रहे हैं।

### कैसे करें बचाव

रोजाना कम से कम 20-30 मिनट धूप लें, दूध, दही, पनीर और हरी सब्जियों का सेवन करें, जंक फूड और कोल्ड ड्रिंक से परहेज करें, नियमित व्यायाम और योग अपनाएं व वजन नियंत्रित रखें और धूम्रपान से दूर रहें।

## नियमों का पाठ पढ़ाने वाले भूले पालन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- यातायात माह के अंतिम चरण में ढीली पड़ी यातायात पुलिस की सख्ती
- कई स्थानों पर वाहन चालक खुलेआम नियमों की अनदेखी करते नजर आए

**अमृत विचार :** यातायात माह के अंतिम चरण में नियमों का पालन कराने वाले ही सुस्त पड़ गए हैं। चौराहों और मुख्य मार्गों पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी नियमों के उल्लंघन पर लचर रुख अपना रहे हैं।

रविवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर तैनात यातायात पुलिस कर्मी नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को रोकने-टोकने की जगह निश्चिंत रहे। हेलमेट न पहनने, तीन सवारी बैठाने, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने और जुगाड़ वाहनों के संचालन पर कोई प्रभावी रोक नहीं दिखी। कई स्थानों पर वाहन चालक खुलेआम नियमों की अनदेखी करते नजर आए। हाईवे और व्यस्त चौराहों पर यातायात नियम ताक पर दिखे।

तेज रफ्तार, ओवरलोड और अवैध वाहनों का संचालन आम बात हो गई है। यातायात माह के दौरान बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी और लोगों को जागरूक किया जाएगा, लेकिन हकीकत में दावों की पोल खुली। चुनिंदा प्वाइंटों पर ही औपचारिक चेकिंग की जा रही है, जबकि अधिकांश स्थानों पर निगरानी नाममात्र की रह गई है। खासकर जुगाड़ वाहन और तीन सवारी बैठाकर चलने वाले दोपहिया वाहन बेखौफ सड़कों पर दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि यातायात माह के अंतिम दिनों में ही सख्ती कम हो जाएगी तो पूरे अभियान का उद्देश्य ही अधूरा रह जाएगा।



रोड पर बिना हेलमेट के बाइक व स्कूटी चलाते लोग। • अमृत विचार

> ऐसा नहीं है कि यातायात के नियमों की अनदेखी की जा रही हो। महाशिवरात्रि पर्व पर चेकिंग में थोड़ी छूट दी गई थी। बाकी सभी चौराहों पर यातायात पुलिस सख्ती से चेकिंग कर रही है। रविवार को शहर जो व्यस्त चौराहों पर भीड़ कम रहती है, इसलिए चेकिंग भी कम होता है।
>
> **- मिथलेश सिंह**, यातायात जिला प्रभारी



इफ्तार
सोमवार शाम
सुन्नी : 6:14
शिया : 6:24

सहरी
मंगलवार सुबह
सुन्नी : 5:23
शिया : 5:18

## न्यूज ब्रीफ

### रमजान: इबादत कर मांगी अमन चैन की दुआ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रमजान माह में रोजेदार इबादत में मशगूल हैं। रोजेदार इबादत कर अल्लाह की बरगाह में सिर झुका कर अमन चैन की दुआ कर रहे हैं। शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने बताया कि रमजान का पहला अशरा रहमत का होता है, जो इन दिनों चल रहा है। दूसरे अशरे में अल्लाह से माफी तलब की जाती है, जबकि तीसरा अशरा निजात का होता है, जिसमें जहन्नुम की आग से बचने की दुआ की जाती है। उन्होंने कहा कि रमजान केवल रोजा रखने का नाम नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सब्र का महीना है। उन्होंने बताया कि तरावीह की नमाज के बाद मस्जिदों में लोगों को गरीबों, मजलूमों और जरूरतमंद बेटियों की मदद के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### कबड्डी में केजीके नगर प्रखंड की टीम रही विजेता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से वार्षिक कबड्डी प्रतियोगिता सेंट मैरी स्कूल, बुद्धि विहार के पास मैदान में हुई। आरंभ महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता ने प्रभु श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। रोमांचक मुकाबलों में केजीके नगर प्रखंड की टीम विजेता, जबकि गोविंद नगर प्रखंड की टीम उपविजेता बनी। प्रतियोगिता में बजरंग दल के आठ प्रखंडों कटघर, गोविंद नगर, टाउन हॉल, रतनपुर कलां, हिमगिरी, बुद्धि विहार, कांशीराम नगर और नया मुरादाबाद की टीमों ने हिस्सा लिया। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं को नशामुक्ति का संदेश देते हुए समाज व राष्ट्र की उन्नति में सहभागिता के लिए प्रेरित करना लक्ष्य है। विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजीव ठाकुर, सोमेश्वर, विक्की प्रजापति, सौरभ, गौरव भटनागर, अविनाश, सचिन, अंकित आदि रहे।

### जरूरतमंद को भोजन खिलाना पुनीत कार्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस के द्वारा रविवार को कांठ रोड स्थित गौर ग्रेसियस सोसाइटी गेट पर रोटरी नि:शुल्क भोजनालय के तहत राहगीरों व जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया। क्लब संस्थापक रोटेरियन विवेक गोयल ने कहा कि जरूरतमंदों को भोजन देना पुनीत कार्य है। क्लब की अध्यक्ष रश्मि गोयल ने बताया कि क्लब के सदस्य अनूप गुप्ता व निधि गुप्ता की पुत्री के जन्मदिन पर क्लब की ओर से शिविर में पांच सौ आगंतुकों को भोजन कराया गया। क्लब के कोषाध्यक्ष मुकुल अग्रवाल ने कहा कि विशेष दिवसों पर ऐसा आयोजन किया जाता है। इस दौरान सागर राय, विशाल भटनागर, निधि गुप्ता, पिंकी राय, शुचिता भटनागर, राज पवार, महीप पूठिया, सोनिया पवार, नरेश कश्यप, राहुल पाल, सिद्धार्थ गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**

पहले मेरा नाम SANJEEV KUMAR S/O ANAND PAL SINGH, JAI NAGAR, PS THAKURDWARA, MORADABAD-244001, था जो बदलकर SANJEEV KUMAR SINGH S/O AANAND SINGH, VILLAGE JAINAGAR, RAFATPUR, BIJNOR UTTAR PRADESH-246747 रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाने।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने बेटे समीर खां, पुत्रवधू सिमरन पुत्री नईम खां को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में किसी भी कृत्य के दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का इन दोनों से कोई वास्ता नहीं हैं। नाजिम पुत्र गफ्फार खां निवासी ग्राम सैजनी नानकार थाना गंज तहसील सदर रामपुर।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## बिना सुरक्षा मानक व पर्यावरणीय अनुमति के खुले में जल रहा ई-वेस्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ई-वेस्ट गलाने वाली 13 भट्ठियों पर कार्रवाई से पहले सर्वे

**अमृत विचार:** शहर में अवैध रूप से ई-वेस्ट गलाने और जलाने के खिलाफ प्रशासन सख्ती कर रहा है। कार्रवाई से पहले सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सर्वे कराया गया, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गठित दो विशेष टीमों ने वारसी नगर और लाल बाग क्षेत्रों में निरीक्षण किया।

सर्वे में टीमों ने उन स्थानों की पहचान की, जहां अवैध रूप से ई-वेस्ट जलाया जा रहा था। कुल 13 भट्ठियां चिन्हित की गईं है। जिनमें इलेक्ट्रॉनिक कचरे को गलाकर कीमती धातुएं निकालने का कार्य किया जा रहा था। जहां बिना किसी सुरक्षा मानक और पर्यावरणीय अनुमति के ई-वेस्ट को खुले में जलाया जा रहा था। इससे निकलने वाला जहरीला धुआं आसपास के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। स्थानीय निवासियों ने भी धुएं और प्रदूषण की समस्या को लेकर शिकायतें दर्ज कराई थीं। टीमों ने प्रत्येक स्थान का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर विभाग को सौंपी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन द्वारा जल्द ही कार्रवाई की संभावना है। इससे पहले 16 भट्ठी ट्रांसपोर्ट नगर और बरवनाल मोहल्ले में सील की जा चुकी है।

### 88वीं रंग एकादशी शोभायात्रा 27 को, 1939 से चली आ रही परंपरा

## आठ झांकियां और ब्रज की लट्ठमार होली का रहेगा आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पर्व होली समिति की ओर से 27 फरवरी को 88वीं रंग एकादशी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। इस बार शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की फूलों की होली, लट्ठमार होली और महादेव की बारात विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाली इस यात्रा के स्वागत की तैयारियां संगठनों ने की है।

शोभायात्रा का आरंभ दोपहर दो बजे खत्री धर्मशाला, बाजीगरान से होगा। इसके बाद यह मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखापुल, गंज गुरहट्टी चौराहा, ताड़ीखाना का चौराहा होते हुए बुध बाजार पुलिस चौकी पर पहुंचकर संपन्न होगी। मार्ग में पुष्पवर्षा, रंग-गुलाल और शीतल पेय वितरण की व्यवस्था रहेगी। समिति अध्यक्ष आरके टंडन ने बताया कि कार्यक्रम की अनुमति के लिए जिला व पुलिस प्रशासन से पत्राचार जारी है। यात्रा को शांतिपूर्ण, भव्य और पारंपरिक स्वरूप देने के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

- अनुमति के लिए जिला व पुलिस प्रशासन से किया जा रहा पत्राचार

### राधा-कृष्ण की होली से बरसेगा रंग

शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी के साथ ब्रज की लट्ठमार होली का जीवंत मंचन किया जाएगा। कलाकार पारंपरिक ब्रज की वेशभूषा में फाग गीतों पर रंग-गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओं को वृंदावन की होली का अहसास कराएंगे। श्रद्धालु भी इस झांकी के दर्शन कर भावविभोर होंगे।

### महादेव की बरात का अद्भुत स्वरूप

महादेव की बरात की झांकी शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहेगी। शिव, पार्वती, गणों और भूत-प्रेत स्वरूपों के साथ सजी बारात भक्तों का ध्यान खींचेगी। ढोल-नगाड़ों की थाप पर निकलेगी यह झांकी उत्सव में आध्यात्मिक रंग घोलेगी।

### ये रहेंगे अन्य आकर्षण, 87 साल से चल रही परंपरा

इस शोभायात्रा की शुरुआत वर्ष 1939 में स्वर्गीय विशंभर नाथ टंडन ने की थी। 88वें वर्ष में प्रवेश कर रही यह परंपरा शहर की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। इस बार शोभायात्रा में आठ आकर्षक झांकियों के साथ छह ढोल, दो बैंड और चार घोड़ों पर सवार पारंपरिक स्वरूप शोभायात्रा में शामिल होंगे।

## बूथों पर दावे व आपत्ति देने पहुंचे मतदाता

### एसआईआर: मतदाता बनने के लिए युवाओं ने जमा किए फार्म- 6, बूथों पर मौजूद रहे बीएलओ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत रविवार को बूथों पर मौजूद रहकर बीएलओ ने प्रक्रिया कराई। विशेष दिवस पर सभी बूथों पर सुबह से दोपहर तक बीएलओ की मौजूदगी में मतदाताओं ने दावा के साथ जारी आपत्तियों का जवाब भी दाखिल किया।

चारों विधानसभाओं में बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं ने कार्य कराने में तेजी दिखाई। अनमैप्ड मतदाता जिन्हें नोटिस जारी कर दस्तावेज के साथ साक्ष्य देने के लिए कहा गया था उन्होंने आपत्तियों का जवाब निर्धारित फार्मेट पर भरकर दिया। समर्थन में निर्वाचन आयोग की ओर से मान्य प्रमाण पत्र व दस्तावेज भी जमा किया। वहीं नये मतदाताओं व युवाओं ने फार्म 6 भरकर मतदाता बनने का दावा प्रस्तुत किया। कई ने अपने नाम व पते में संसोधन के लिए भी फार्म भरा। डीईओ अनुज सिंह ने कहा कि यदि कहीं से लापरवाही की शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई भी करेंगे।

उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ के पास 6 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची और फार्म 6, 6ए, 7 व फार्म-8 उपलब्ध रहा। केंद्रों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि यदि किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं है अथवा ऐसे सदस्य जिनकी आयु एक जनवरी को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है उनका फार्म 6 घोषणा पत्र सहित भरवाकर बीएलओ को देने के अलावा ECINET मोबाइल एप्लीकेशन या voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आलेख्य मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फॉर्म 8 भरना है।



बूथों पर एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी लेते उप जिलाधिकारी राममोहन मीना।



जीजीआईसी लाइन पार में बूथ पर जानकारी लेते बी एल ओ से मतदाता।

### नव मतदाता पंजीकरण सहायता शिविर में पहुंचे नागरिक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुलजारी मल धर्मशाला पर मंडल अध्यक्ष मध्य नगर मंडल सूर्य मोहन शमशेरी के निर्देश पर वार्ड 47 के पार्षद व निवर्तमान उपसभापति नगर निगम डॉ. गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में नव मतदाता पंजीकरण सहायता शिविर लगाया गया।




इसमें मुख्य अतिथि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता और विशिष्ट अतिथि मंडल प्रवासी भाजयुमो महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे रहे। शिविर में नागरिकों ने नये मतदाता बनने के लिए पार्षद की सहायता से फार्म 6 भरकर जमा किया। शिविर में सैकड़ों मतदाताओं ने फॉर्म 6 भरकर जमा किया। शिविर में भाजपा के मंडल महामंत्री आकाश भारद्वाज, दीपक धवन, प्रदीप शर्मा, सेक्टर संयोजक सरल शर्मा, नलिन चड्ढा, राहुल सक्सेना, मुकुल कमल, नवीन अग्रवाल, अनिल ढल, बब्बू सैनी, प्रसून माथुर, हिमांशु सिंह, अंकुर श्रीमाली, दीपू छावड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फिजिकल टीम के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, कई मैच जीते

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टीएमयू में इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप आयोजित

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में बास्केटबॉल, कबड्डी, खो-खो और क्रिकेट के फाइनल मुकाबलों में सीसीएसआईटी कॉलेज की टीमों को मात देकर फिजिकल एजुकेशन की टीमें विजेता रहीं।

पुरुष वर्ग के फिजिकल एजूकेशन बनाम मैनेजमेंट के बास्केटबॉल के फाइनल में फिजिकल एजूकेशन ने 29 प्वाइंट लेकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फिजिकल के आदित्य कुमार गुप्ता ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग कबड्डी में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने 20 अंक से स्वर्ण पदक जीता। जबकि बॉयज खो-खो के फाइनल में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने 8 चेज से गोल्ड अपने नाम किया।

क्रिकेट के फाइनल में टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन सीसीएसआईटी कॉलेज को 5 विकेट से मात देकर क्रिकेट की चैंपियन बनीं। बेंच प्रेस ब्वायज़ के फाइनल में 142 किग्रा के साथ फार्मेसी कॉलेज के रजत कुमार सिंह पहले, 140 किग्रा के साथ सीसीएसआईटी के ध्रुव सिंह दूसरे और 120 किग्रा के संग एफओई के आदित्य दिवाकर तीसरे स्थान पर रहे। अंत में आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. निशीथ कुमार मिश्रा, एग्रीकल्चर के डीन प्रो. पीके जैन, फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा आदि ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी और मेडल देकर सम्मानित किया।



जीत के बाद खुशी जताते टीम के खिलाड़ी। • अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### पुष्प होली महोत्सव में श्रीराधा श्याम के भजनों पर झूमे भक्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की ओर से रविवार को दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में पुष्प होली महोत्सव आयोजित किया गया। हर्षल म्यूजिक ग्रुप व वृंदावन से आए सौरभ हरिवंशी के द्वारा श्री राधा श्याम के भजनों पर प्रस्तुति से लोग झूम उठे। पुष्प होली महोत्सव के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरप्रीत सिंह दुआ व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना रहे। इस दौरान गौरव सैनी विभाग महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, पवित्रा शर्मा विभाग अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद, राष्ट्रीय महिला परिषद प्रांत अध्यक्ष वंदना शर्मा, महानगर महामंत्री अमित अग्रवाल अंतरर्राष्ट्रीये हिन्दू परिषद, स्वाति राज, देवीलाल प्रजापति, दीप खुराना, अर्पित सक्सेना, जय शर्मा, इशांक भारद्वाज, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रियांक शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### लगातार पांचवीं बार पदक जीतकर राजीव ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय सिविल सेवा प्रतियोगिता 2025-26 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राजीव पाल ने लगातार पांचवीं बार पदक प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। 19 फरवरी को नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के 26 राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कड़े मुकाबले के बीच राजीव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। वर्तमान में राजीव पाल मुरादाबाद में राज्य कर विभाग में तैनात हैं। खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि अर्जित की है। उनकी इस सफलता से विभाग, जिले और प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है। वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।



### नि:शुल्क कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण का समापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** परिवर्तन दी चेंज संस्था द्वारा परियोजना पंथिनी के अंतर्गत गांव उत्तमपुर बहलोलपुर में संचालित नि:शुल्क कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण का समापन किया गया। 60 दिवसीय कोर्स के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं व युवतियों को तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। कंप्यूटर प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को इंटरनेट का सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग, डिजिटल साक्षरता तथा दैनिक जीवन में आने वाले ऑनलाइन खतरों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद परीक्षा में उत्तीर्ण 125 से अधिक महिलाओं एवं छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान सरदार गुरविंदर सिंह, वीडीओ आमोद चौहान, ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुनेहपाल सिंह, ग्राम प्रधान मंजीत सिंह सहित संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### खिलाड़ियों का विवि स्तर पर दमदार प्रदर्शन, कई पदक जीते

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थापा ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। 20 फरवरी को शहीद मंगल पांडे गवर्नमेंट गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (सीसीएस यूनिवर्सिटी) में आयोजित इंटर कॉलेजिएट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में पलक शर्मा ने 46 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि हाकेमीन हसीब ने 53 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। प्रियांशु रस्तोगी ने 68 किग्रा में स्वर्ण पदक, यशोदा थापा ने 62 किग्रा और वैष्णवी शर्मा ने 46 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। इस सफलता के साथ ही प्रियांशु रस्तोगी का चयन 16 से 20 मार्च 2026 तक डीएवी कॉलेज, जालंधर में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो जनपद के लिए गर्व का विषय है। इस सफलता पर एकेडमी के प्रशिक्षक केशव थापा ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## चिंतन दिवस पर मजबूत की स्काउट-गाइड भावना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पंचायत भवन में में लॉर्ड एवं लेडी बेडेन पावेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे बच्चों में स्काउट-गाइड की भावना को मजबूत करना और उन्हें सेवा, अनुशासन व देशभक्ति के संस्कारों से जोड़ना रहा। प्रतिवर्ष 22 फरवरी को स्काउट-गाइड संस्था द्वारा यह दिवस मनाया जाता है, जिसमें सदस्य अपने कार्यों की समीक्षा कर नई योजनाएं बनाते हैं।

कार्यक्रम में जूनियर स्काउट-गाइड के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। परवीन अपनी टीम के साथ, मोनू स्काउट, काजल, जिला गाइड काउंसलर रानी सैनी, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर बृजेश, जिला सचिव डॉ. सुरेंद्र वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों को स्काउट-गाइड के महत्व से अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन बच्चों में जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। स्काउट एवं गाइड ने देश का जिम्मेदार और आदर्श नागरिक बनने का संकल्प लिया।

- पंचायत भवन में में लॉर्ड एवं लेडी बेडेन पावेल का जन्मदिन मनाया



पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अन्य। • अमृत विचार

## ज्वाइंट पोल में फॉल्ट से 10 हजार घरों की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रोजेदारों को सुबह से बिजली गुल होने से कई घंटे हुई परेशानी

**अमृत विचार :** रविवार के दिन बिजली गुल होने का सिलसिला जारी रहा। विद्युत वितरण खंड दो के अंतर्गत मोहल्ला मंडी बांस, गलशहीद और भूड़े के चौराहे क्षेत्र के लगभग 10 हजार उपभोक्ता रविवार सुबह से बिजली संकट झेलने को मजबूर हुए।

सुबह करीब छह बजे गलशहीद और मंडी बांस उपकेंद्र के संभली गेट पर बने ज्वाइंट पोल में फॉल्ट हो गया, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। मंडी बांस निवासी राजेश रस्तोगी ने बताया कि बिजली जाने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार फोन मिलाया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। जिसके बाद मंडी चौक उपकेंद्र पर जाने पर पता चला कि संभली गेट तिराहे के पोल पर तकनीकी खराबी के चलते दोनों उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों की लाइन ट्रिप होने से सप्लाई बंद हो गई। कई घंटे तक बिजली गुल होने लोगों को सुबह के समय पेयजल, घरेलू कार्यों में परेशानी उठानी पड़ी। गलशहीद निवासी मोहम्मद रईस ने बताया कि सुबह नहाने के लिए पानी तक नहीं मिल सका। इनवर्टर भी कुछ घंटों में जवाब दे गया। वहीं गलशहीद के कई दुकानदारों ने बताया कि सुबह और शाम को रोजा इफ्तार के वक्त गुल होने लगी है जिससे परेशानी हो रही है। दोपहर 11 बजे बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ज्वाइंट पोल में आए फॉल्ट लगभग 12 बजे तक सही कर पाई। जिसके बाद निरंतर छह घंटे बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।

> मरम्मत कार्य को सुबह टीम भेजी गई थी। ऐसे में उपभोक्ताओं के कई फोन आए कि एसडीओ लाइनमैन फोन नहीं उठा रहे हैं लेकिन वह मरम्मत के कार्य में लगे थे। दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल करा दी गई।
>
> – **प्रशांत कुमार**, अधीक्षण अभियंता नगरीय मुरादाबाद

## राजकीय पॉलीटेक्निक में रोजगार मेला 24 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय पॉलीटेक्निक में 24 फरवरी मंगलवार को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें 50 कंपनियों के प्रतिनिधि पंजीकृत बेरोजगारों का चयन करेंगे।

सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र ने बताया कि पॉलीटेक्निक में 24 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन और राजकीय पॉलीटेक्निक की ओर से रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इसमें तकनीकी व गैर तकनीकी पदों के लिए स्थानीय व बाहरी निजी क्षेत्र की लगभग 50 कंपनियों को आमंत्रित किया गया है।

डिजाइनको, जीनश पेपर मिल, पशुपति एक्रीलोन लिमिटेड, जेके फूड्स, कॉसमॉस, विवेकानंद अस्पताल के अलावा ही बाहरी कंपनियों में ओपो, टाटा मोटर्स, अशोका लीलैंड, हीरो मोटर्स, रोलोन सील्स, डिक्सन आदि कंपनियां शामिल रहेंगी।

**कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत बेरखेडा चक वि.ख. भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)**

पत्रांक : मीमो मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-2026 दिनांक : 21.02.26

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बेरखेडा चक विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.24 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराया जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक 09.03.26 को 12:30 बजे तक अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफ.डी.आर. आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 09.03.26 की अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का स्थल का नाम | कार्य की ल. मी. में | सामग्री की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैन रोड से आजाद के घर तक नाली व टाइल्स निर्माण कार्य | 43 मी. | 166562 | 100.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह |
| 2. | PWD रोड से दिलशाद के घर तक नाली व टाइल्स निर्माण कार्य | 166 मी. | 565775 | 100.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह |

**सचिव-ग्राम पंचायत बेरखेडा चक, वि.खं. भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)**

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्घटना में बाइक पर सवार दो व्यक्ति घायल

**कांठ, अमृत विचार :** बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम गल्ला खेड़ी निवासी दीपेंद्र कुमार और उसका चचेरा भाई नेमीशरण 18 फरवरी की शाम को दीवान शुगर मिल अगवानपुर में बाइक से ड्यूटी करने जा रहे थे। ग्राम भीकनपुर में कार ने टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। नेमीशरण के अधिक चोट होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मेड़ के विवाद को लेकर पीटकर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** गांव डोहरी निवासी हरज्ञान ने बताया कि गांव के ही भीकम से खेत की मेड को लेकर विवाद है। 16 फरवरी की शाम 6 बजे वह जंगल से घर को आ रहा था। विक्रम की पत्नी राजरानी गाली गलौज करने लगी। उसका बेटा अजय भी आ गया और उसके साथ मारपीट की। उसकी भाभी कुंती और पत्नी सुमन बचाने आईं तो उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### ब्लॉक अध्यक्ष बने राकेश कुमार, आसिम कोषाध्यक्ष

**डिलारी अमृत विचार :** रविवार को ब्लॉक डिलारी के सभागार में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए राकेश कुमार, महामंत्री पद के लिए रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद आसिम, संगठन मंत्री के लिए राकेश कुमार, संप्रेक्षक के लिए रोहित कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रतिद्वंदी न होने पर पांचों पदों पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए।

### टीईटी के विरोध में एक्स पर चलाया ट्रेंड

**कांठ, अमृत विचार :** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में रविवार को टीचर फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आव्हान पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर #JusticeForTeachers अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने बताया की जनपद से 4000 से अधिक शिक्षकों ने ट्वीट किया गया उन्होंने बताया कि X पर शिक्षकों द्वारा चलाया गया अभियान नम्बर 1 पर ट्रेंड करता रहा। जिला उपाध्यक्ष व विकास खंड छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने बताया की 23 से लेकर 25 फ़रवरी तक शिक्षक काली पट्टी बांधकर अपना टीईटी के विरोध में विरोध दर्ज कराएंगे।

# पशुपति फैक्ट्री में पिंजरे में फंसा तेंदुआ

## कर्मचारियों ने ली राहत की सांस, पिछले दिनों वन विभाग ने लगाया था पिंजरा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** पशुपति फैक्ट्री परिसर में पिछले करीब एक महीने से घूम रहे तेंदुए का आखिरकार ठिकाना तय हो गया। बीते दिनों लगाया गए पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया। इसके साथ ही फैक्ट्री कर्मचारियों और अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

पिछले कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी से फैक्ट्री परिसर में दहशत का माहौल बना हुआ था। कर्मचारी काम तो कर रहे थे, लेकिन नजरें मशीनों से ज्यादा झाड़ियों पर रहती थीं। हालात ऐसे थे कि ड्यूटी से ज्यादा 'चौकन्नापन' निभाना पड़ रहा था। वन विभाग ने फैक्ट्री परिसर में पिंजरा लगाया था। कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद रविवार को तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। जैसे ही यह खबर फैली, कर्मचारियों ने राहत महसूस की और पूरे परिसर में चर्चा का विषय बना रहा कि आखिरकार वन विभाग की रणनीति सफल हो ही गई।

स्थानीय लोगों का कहना था कि



तेंदुआ फंसने के बाद पहुंचे अधिकारी व वन विभाग की टीम। • अमृत विचार

- **कई दिनों से तेंदुआ ने फैक्ट्री परिसर में जमा लिया था डेरा**

एक महीने से तेंदुआ परिसर में ऐसे घूम रहा था, मानो उसने अस्थायी तौर पर फैक्ट्री में ठिकाना बना रखा हो। उसके पकड़े जाने से सभी ने चैन की सांस ली है। वन विभाग की टीम ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए तेंदुए को कब्जे में ले लिया। वन क्षेत्र अधिकारी रवि कुमार गंगवार ने लोगों से अपील की है कि वन्यजीव दिखने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत सूचना दें।



पिंजरे में फंसा तेंदुआ। • अमृत विचार

# बाढ़ नियंत्रण को लेकर विधायक ने उठाए सवाल

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानसभा के वर्तमान सत्र में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण पर चर्चा के दौरान कांठ विधायक कमाल अख्तर ने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाया।

कहा कि हर वर्ष बरसात में कांठ विधानसभा के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं, नहरों की सफाई समय पर नहीं होती, तटबंधों की मरम्मत में लापरवाही बरती जाती है और जल निकासी व्यवस्था कमजोर होने से किसानों की फसलें नष्ट हो जाती हैं। उन्होंने मुरादाबाद में बने नए विश्वविद्यालय की सुरक्षा के लिए चड्ढा पुल से बनाए जा रहे बांध को मुस्तापुर तक बढ़ाने की मांग की, ताकि अनेक गांव स्थायी रूप से बाढ़ से सुरक्षित हो सकें। काजीपुरा वढेरा क्षेत्र में रामगंगा नदी की बाढ़ में एक सिपाही व सलेमपुर के एक युवक की मृत्यु का उल्लेख करते हुए उन्होंने परिजनों को आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी देने की मांग की। साथ ही रजोहा, जमशेदपुर, मिर्जापुर, सिडलऊ, धारकनगला, अहमदपुर व चंगेरी क्षेत्र में बाढ़ के बाद महीनों तक जमा रहने वाली गाद व गंदगी की समस्या पर भी ध्यान आकर्षित किया। अंत में उन्होंने बाढ़ प्रभावित गांवों के लिए विशेष पैकेज, पारदर्शी मुआवजा, मजबूत तटबंध और स्थायी समाधान की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी दोबारा न हो।



विधायक कमाल अख्तर।

- **बाढ़ प्रभावित गांवों के लिए विशेष पैकेज, पारदर्शी मुआवजा की मांग**

# डंपर चालक को पकड़ा, तमंचा व कारतूस बरामद

**कांठ, अमृत विचार:** थाना छजलैट पुलिस ने अवैध खनन के डंपर को रोका तो चालक डंपर लेकर भाग निकला। पुलिस ने उसका पीछा कर पकड़ लिया। चालक के पास से तमंचा, दो कारतूस बरामद किए। उसे जेल भेज दिया गया।

थाना छजलैट में तैनात उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार छजलैट तिराहे पर शनिवार की रात को चेकिंग कर रहे थे।कांठ की तरफ से एक ट्रक डंपर चालक अपने डंपर को तेज गति से लेकर जा रहा था। पुलिस ने इशारा किया तो वह बैरियर में टक्कर मार कर आगे बढ़ गया। पुलिस ने उसका पीछा कर कैच की पुलिया के पास रोक लिया। चालक ने अपना नाम भूरे पुत्र टीकाराम निवासी गिरधरपुर बिनावर, बदायूं बताया।पुलिस ने उसके पास से 12 बोर का एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# आज फिर से कराई जाएगी सिख छात्र की परीक्षा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** डीएसएम डिग्री कॉलेज में अमृतधारी सिख छात्र को कृपाण के साथ परीक्षा से रोकने के मामले में श्री गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के निर्देश पर परीक्षा 23 फरवरी को दोबारा होगी।

ऋषिवाल महाविद्यालय पट्टी मौढ़ा का बीए प्रथम वर्ष का सिख छात्र जपन सिंह 27 जनवरी को डीएसएम डिग्री कॉलेज कांठ परीक्षा देने गया था जिसकी परीक्षा कृपाण उतार कर कराई गई थी। 4 फरवरी को कॉलेज के प्रोफेसर सौरव सिंघल ने छात्र को परीक्षा से वंचित कर दिया था। इस मामले में गुरुद्वारा कांठ के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह एवं संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा अमरोहा गतका दल एवं मुरादाबाद गुरुद्वारा कमेटी का प्रतिनिधिमंडल श्री गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सचिन माहेश्वरी से मिला था। कुलपति की फटकार के बाद प्रधानाचार्य डॉ. सोमपाल सिंह गुरुद्वारा कांठ पहुंचे और माफी मांगी। एक प्रतिनिधिमंडल राज्य मंत्री सरदार औलख सिंह की अगुवाई में मुख्यमंत्री से मिला था। परीक्षा नियंत्रक ने डीएसएम डिग्री कॉलेज को पत्र जारी कर छात्र की परीक्षा 23 फरवरी को दोबारा कराने का निर्देश दिया है।



पुन: परीक्षा का पत्र दिखाता छात्र।

# एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष आकाश पाल की अध्यक्षता में नगर मंडल की बैठक में मतदाता गहन परीक्षण अभियान कीसमीक्षा करते हुए संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी द्वारा नियुक्त बूथ प्रवासी अपने-अपने बूथों की नियमित समीक्षा करें तथा प्रारूप-6 भरवाकर नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में अब तक 13,722 नए मतदाताओं के लिए आवेदन किए जा चुके हैं, जिन्हें शीघ्र सत्यापन कर ऑनलाइन दर्ज कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ लेवल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर नए मतदाताओं की जांच प्रक्रिया तेज करने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल हो सकें। जिला अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि 28 फरवरी तक प्रारूप-6 भरवाने का विशेष अभियान चलाया जाए। आचार्य नरेंद्र पाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, ठाकुर अजय प्रताप सिंह, डॉ. वीर सिंह सैनी, जिला महामंत्री अमित चौहान, राजन बिश्नोई, हरज्ञान सिंह, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, शिवेंद्र गुप्ता, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, डॉ. नरदेव सिंह, डॉ. ओमपाल सैनी, मनोज कुमार चौहान, पवन पुष्पद, ओम कुमार एडवोकेट, संजीव कुमार चौहान, नागेंद्र लांबा, सुधीर नायक, प्रदीप कुमार पाल, धर्मेंद्र सिंह, हेमेन्द्र प्रताप सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति ने किया।



भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिला अध्यक्ष आकाश पाल। • अमृत विचार

- **नए मतदाताओं के पंजीकरण पर दिया जोर, कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां**

# यूजीसी के खिलाफ आंदोलन में भाग लेने दिल्ली गए सवर्ण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** यूजीसी के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने के लिए सवर्ण समाज के लोग दिल्ली को रवाना हो गए हैं।

ग्राम प्रधान माथाना बिट्टू चौहान ने बताया कि यूजीसी कानून देश और समाज को कमजोर करने वाला कानून है। ग्राम मथाना निवासी चमन चौहान ने बताया कि यूजीसी के खिलाफ हमारे सवर्ण समाज के आंदोलन नई दिल्ली में रामलीला मैदान में होगा। उन्होंने बताया कि सवर्ण समाज के सम्मान, अधिकार और समाज के भविष्य की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होकर अपनी आवाज़ बुलंद करनी होगी। नरेश चौहान,चमन चौहान,बिट्टू चौहान ग्राम प्रधान मथाना, पारुल चौहान,भोपाल सिंह चौहान, ऋषिपाल सिंह चौहान, दिनेश चौहान,अवनीश चौहान, मुकेश चौहान आदि लोग रहे।



रवाना होते सवर्ण समाज के लोग। • अमृत विचार

# शेखुपुर खास में बंदरों के डर से भागी बच्ची घायल

**कुंदरकी अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के शेखुपुर खास गांव में बंदरों के डर से भागी बच्ची घायल बच्ची घायल हो गई।

गांव निवासी सुमित वीर की पुत्री हनीप्रीत घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान अचानक बंदरों का झुंड वहां पहुंच गया। बंदरों की हलचल और भगदड़ के बीच बच्ची गिर पड़ी। इसी दौरान बंदर पास में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली का डाला जोर-जोर से हिलाने लगे और डाला खुलकर उसके सिर पर आ लगा।

डाला से बच्ची के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। परिजनों ने बच्ची कानिजी अस्पताल में उपचार कराया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। पहले भी कई बच्चे घायल हो चुके हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं।



मां की गोद में बच्ची। • अमृत विचार

# विहिप की बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद मुरादाबाद ग्रामीण के प्रखंड डिलारी की मासिक बैठक ग्राम आलियाबाद में आयोजित की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष सचिन ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सत्संग कार्यक्रम अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां शीघ्रता से नियमित सत्संग शुरू किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम संगठन की मजबूती का मुख्य आधार है, और सभी कार्यकर्ताओं से इसे गंभीरता से संचालित करने का आह्वान किया।

4 और 5 अप्रैल को आयोजित होने वाले वर्ग की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई और जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। इसके साथ ही मार्च माह में प्रत्येक गांव में श्रीराम उत्सव कार्यक्रम के भव्य आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की गई। जिला संगठन मंत्री देवेश राणा ने खंड, उपखंड और प्रखंड की संगठनात्मक संरचना को विस्तार से समझाते हुए कार्यकर्ताओं की शंकाओं का समाधान किया। बैठक में प्रखंड स्तर पर सुनील को साप्ताहिक मिलन प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। जिला मीडिया प्रभारी कमल अवतार राणा, प्रखंड अध्यक्ष सोमपाल, प्रखंड मंत्री योगेंद्र शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता। • अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### गायत्री शक्ति पीठ में पंचकुंडीय यज्ञ, श्रद्धालुओं ने दीं आहुतियां

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रमनावाला मार्ग स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ पर रविवार को पंचकुंडीय यज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर सुख–समृद्धि, शांति और लोकमंगल की कामना की। यज्ञ का संचालन शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे परिव्राजक विकास कुमार ने कराया। हवन कुंडों से उठती सुगंधित धूप–धुएं और वेद मंत्रों की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। श्रद्धालुओं ने समाज से कुरीतियों को दूर करने, नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा सद्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यज्ञ के उपरांत भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अजीत कुमार शेखावत, राजेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह चौहान, राजपाल सिंह, निपेन्द्र सिंह, विजयपाल सिंह, तेजपाल, केशो देवी, गीता देवी, सीमा देवी, रश्मि देवी, दीक्षा, शिवानी, पंकज देवी और वीना देवी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### शादियों में फिजूलखर्ची न करने की अपील

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मड़वा में अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा की मासिक बैठक चौधरी विनीत कुमार सिंह के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से चौधरी राजवीर सिंह तहसील अध्यक्ष , चौधरी चंद्रपाल सिंह पूर्व एमएलसी ,चौधरी भयराज सिंह ,किसान नेता चौधरी खिलेंद्र सिंह , मास्टर उदयपाल सिंह, मास्टर सूरज सिंह ,मनीष राणा, आशू बालियान ने समाज में व्याप्त कुरीतियों , बच्चों में अच्छे संस्कार एवं अच्छी शिक्षा और शादी में फ़िज़ूल ख़र्ची रोकने एवं डीजे बाजा पर रोक लगाने के साथ साथ तेरहवीं संस्कार को सीमित करने पर विचार व्यक्त किये गए। अध्यक्षता चौधरी ओमकार सिंह, संचालन मास्टर सरजू सिंह द्वारा किया गया।

### बदमाशों ने युवक को लूटा

**मैनाठेर, अमृत विचार :** बिलारी के गांव ढकिया नुरू निवासी मुकेश ने पुलिस को तहरीर दी कि वह गुरुवार की सुबह महमूदपुर माफी स्थित शराब की दुकान के निकट खड़ा अपने बहनोई का इंतज़ार कर रहा था। तभी बाइक सवार दो लोग उसे बाइक पर बैठाकर सिरसी की तरफ ले गए। आगे चलकर मारपीट करते हुए मोबाइल और 4500 रुपये लूट लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### विधायक ने नमाजे तरावीह पढ़ने वालों को किया सम्मानित

**बिलारी,अमृत विचार :** सपा मोहम्मद फहीम इरफान ने नवाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए एक विशेष तोहफा दिया। उन्होंने नमाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए तोहफा मुन्तरवब कंजुल ईमान फ़ी तर्जमतिल कुरआन बराये तरावीह मौलानाओं को गिफ्ट की। मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि नवाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए यह तोहफा हमारी ओर से एक छोटा सा उपहार है। हम चाहते हैं कि वे इस पवित्र महीने में अल्लाह की इबादत में लगे रहें और उनकी दुआएं कबूल हों। मोलाना मोहम्मद साजिद, मोलाना नसीम, हाफिज करीम बक्स,शाकिर मालिक, मुजीब प्रधान, कुर्बान अली प्रधान, माजिद, सरफराज, आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### बसपा कार्यकर्ताओं ने संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में रविवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कमालपुरी खालसा में कैंप का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला महासचिव त्रिलोकीनाथ नागर एडवोकेट ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष निर्मल सागर ने किया। बैठक में सेक्टर अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए निर्देशित किया गया कि बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाया जाए। सेक्टर अध्यक्ष कमलपुरी का पदभार राजेश्वर सिंह को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव की तैयारियों, बूथ प्रबंधन तथा जनसंपर्क अभियान को तेज करने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक गांव व सेक्टर में नियमित बैठकें आयोजित करने पर सहमति बनी। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प ।



# निरंकारी सेवादारों ने की तालाब की सफाई

संवाददाता,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन ब्रांच ठाकुरद्वारा द्वारा निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज स्थित तालाब पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में सैकड़ों सेवादारों ने श्रमदान कर जल स्रोत को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

ग्राम प्रधान छाया चौहान ने कहा कि मिशन द्वारा प्रतिवर्ष तालाब की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाए रखना समाज के लिए प्रेरणादायी है और यह सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है।

ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी ने बताया कि निरंकारी मिशन वर्षों से देशभर के विभिन्न जलाशयों, पर्यटन स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जनजागरण कर रहा है।



तालाब के निकट सफाई करने पहुंचे निरंकारी मिशन के स्वयंसेवक। • अमृत विचार

- **सेवादारों ने दिया स्वच्छता व सामाजिक सद्भाव का संदेश**

निरंकारी मिशन ब्रांच के मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता ने मिशन का संदेश देते हुए कहा कि सतगुरु समाज में समता, प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत कर रहे हैं, जहां जात-पात और ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने बताया कि मिशन द्वारा यह सेवा अभियान पूर्व सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पावन स्मृति में निरंतर चलाया जाता है, जिसके अंतर्गत रेलवे स्टेशनों, पार्कों, स्मारकों तथा जल स्रोतों की नियमित सफाई की जाती है। सेवादल संचालक डॉ. रामकुमार, एडवोकेट रामकुमार चौहान, राकेश कश्यप, सलविंदर सिंह, प्रवेश गुप्ता, रघुनाथ सिंह, मुकेश कुमार चौहान, मुनेश कुमार, योगेश कुमार, विजेंद्र कुमार, दीपक कुमार, इंद्रजीत सिंह, नवजीत कुमार, ओम प्रकाश सिंह, सुरेंद्र कुमार, नीलू सिंह, राजबाला देवी, सुनीता कश्यप, निशा, वंदना, पूनम, परिणीता, अर्पिता, सरबजीत कौर सहित सैकड़ों सेवादारों ने सहभागिता निभाई।

# नीले कुंडे की सफाई का अभियान चलाया

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** कार्यक्रम के अंतर्गत चौथे चरण में रविवार को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक शाखा कांठ के द्वारा रामगंगा घाट (नीले कुंडे) की सफाई का अभियान चलाया गया। इसमें सभी भाई और बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान उसी पावन संकल्प का प्रतीक है, जो मानव को प्रकृति, समाज और आत्मा से जोड़ते हुए करुणा, संतुलन और सौहार्द से परिपूर्ण भविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है।

इस सफाई अभियान में शाखा कांठ के मास्टर सुशील कुमार , संचालक महात्मा बाबूराम , चंद्रशेखर अमित कुमार प्रिंस देशबंधु प्रीतम अंकित कुमार रेनू राजवती हर्षिता आदि ने भाग लिया।




अभियान चलाते निरंकारी मिशन के लोग। • अमृत विचार



**इफ्तार** सोमवार शाम
सुन्नी : 6:15
शिया : 6:23

**सहरी** मंगलवार सुबह
सुन्नी : 5:08
शिया : 5:13

# सहायता शिविर में लाभार्थियों को सौंपे चेक

## सद्भावना मंडप में विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित, 5 लोगों को आवास स्वीकृति पत्र दिए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पनवड़िया स्थित सद्भावना मंडप में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को चेक व आवास के स्वीकृति पत्र सौंपे।

शिविर का आरंभ जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष भानु देव शर्मा, डीएम अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार दीक्षित तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला न्यायाधीश ने कहा कि इस मेगा कैंप का उद्देश्य ऐसे पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करना है, जो पूर्व में सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बावजूद लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गए थे।



शिविर में योजनाओं के तहत सामग्री देते जिला जज व डीएम। ● अमृत विचार

**● दैवीय आपदा राहत योजना में हीरालाल को मिला 4 लाख रुपये का चेक**

कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को मूंग बीज मिनीकिट, एक लाभार्थी को सोलर पंप वितरित किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 5 पात्र लाभार्थियों को शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र दिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन तथा श्रम विभाग द्वारा 6 लाभार्थियों को मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत 26000 की धनराशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना 2025-26 के तहत 5 लाभार्थियों को आवास के स्वीकृति पत्र दिए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा फरीकल को ट्राईसाइकिल तथा 4 लाभार्थियों को बैसाखी दी गई।



पनवड़िया स्थित सद्भावना मंडप में शिविर में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### गर्भवतियों को पोषण किट व पात्र को दिए आयुष्मान कार्ड

उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क सिलेंडर रिफिल, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत कुमारी हंसिका को 2500 रुपये और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत अदिति को 3000 का चेक दिया गया। दैवीय आपदा राहत योजना के तहत हीरालाल को 4 लाख रुपये का चेक दिया गया। इसके अलावा आईसीडीएस विभाग द्वारा गर्भवतियों को पोषण किट और पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड सौंपे गए।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का किया विरोध

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारियों द्वारा मेरठ में प्रधानमंत्री की सभा में पहुंच कर विरोध प्रदर्शन करने की सूचना पर पुलिस ने घर पर ही किसान नेताओं को रोक दिया।

इसके बाद में किसानों ने जिला अध्यक्ष शारिक इकबाल के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं के लिए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कोतवाल संजीव कुमार को सौपा। किसानों ने भारत सरकार और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते का विरोध किया। कहा कि इस समझौते से देश के कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। समझौते पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त या वापस लिया जाए। ज्ञापन में संगठन की ओर से कई प्रमुख मांगें भी उठाई गईं। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव अरशद अली आजाद, मोहम्मद फुरकान, शुभान अली, शकील अहमद, शेरा पहलवान, नूर मोहम्मद, नामे अली, छुट्टन ठेकेदार, गुरपिंदर सिंह, जुम्मा, रिजवान, अली, नदीम अहमद आदि मौजूद रहें।



स्वार में कोतवाल को ज्ञापन सौपते भाकियू नेता। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### सभासद की मौत हत्या की आशंका

**मिलक, अमृत विचार :** हाईवे किनारे गंभीर रूप से घायल सभासद को सरकारी अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शरीर पर चोट के गहरे निशान होने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।



मृतक सभासद।

पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। रविवार देर रात कोतवाली क्षेत्र के हाइवे स्थित ग्राम दुगनपुर की तकिया के समीप नगर पालिका परिषद के सभासद विक्की रोहिल्ला उर्फ सत्या घायल अवस्था में हाईवे किनारे पड़े थे। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी पुलिस ने सरकारी अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनो ने सभासद की मौत को हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है कोतवाल पुष्कर सिंह ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया हादसा लग रहा है। सभासद दुगनपुर से आ रहा था पीआरबी द्वारा बताया गया है कि सड़क पार करते समय दुर्घटना हुई है। घटना की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

### रोजगार मेला आज

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रभारी जिला सेवा योजना अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि पुरानी तहसील स्थित जिला सेवा योजना कार्यालय में 23 फरवरी को रोजगार मेला सुबह 10 बजे से लगेगा। रोजगार मेले में निज क्षेत्र की 3 कंपनियों के अधिकारी युवाओं का साक्षात्कार के आधार पर चयन करेंगे। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक आईटीआई पास बेरोजगार मेले में प्रतिभाग कर रोजगार पाक सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन होना अनिवार्य है।

# स्काउट गाइड के जन्मदाता को किया नमन



स्काउट गाइड के जन्मदाता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं स्काउट गाइड कार्यालय में रविवार को स्काउट गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी वेडेन पावेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया।

लार्ड बेडेन पावेल और लेडी वेडेन पावेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी गुरुजी ने कहा कि संपूर्ण भारत में स्काउट गाइड लोगों की सेवा करते हैं। मई जून की चिलचिलाती धूप में रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर प्यासे यात्रियों को पानी पिलाते हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता रानी, डॉ. मनोरमा चौहान, जिला आयुक्त रेंजर डॉ. अंकिता, जिला संगठन आयुक्त स्काउट जीतू कुमार, जिला संगठन आयुक्त गाइड नरवन्त कौर , जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रेम पाल सिंह, जिला आयुक्त बुलबुल कुशल राणा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड जमाल फात्मा, गाइड कैप्टन हीरा कली, डॉ. अमर पाल, अजीजुद्दीन अंसारी एवं स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

# किसान सम्मान निधि लेने के लिए अपडेट कराएं डाटा

**रामपुर, अमृत विचार :** किसान रुकी हुई किसान सम्मान निधि लेने के लिए अपना डाटा तुरंत अपडेट कराएं।

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि बताया कि किसानों को जनसेवा केंद्र से बायोमैट्रिक ई-केवाईसी करानी होगी। वहीं तहसील की प्रमाणित खतौनी के साथ लेखपाल का सत्यापित घोषणा पत्र लगाना होगा। विरासत में मिली भूमि के लिए मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र लगाना होगा। जिन किसानों की 20वीं व अन्य किश्त भारत सरकार द्वारा रोक दी गई है। उनका कारण है वर्तमान भूमि का मालिक वैलिड नहीं है।

इसके अलावा अधूरे दस्तावेज लगाए गए हैं। पीएम किसान वेबसाइट पर पब्लिक डोमन पोर्टल से अपडेट मिसिंग इंफॉर्मेशन के तहत लाइव से स्वयं या जनसेवा केंद्र के माध्यम से बायोमेट्रिक-फेशियल ई-केवाईसी कराकर डाटा अपडेट कराएं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इस प्रक्रिया के बाद रुकी किश्तों का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा।

# युवाओं ने बांधी पगड़ी तो तालियों से गूंजा गुरुद्वारा



गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पगड़ी प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ मुख्य अतिथि विधायक व सिख संगत। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पगड़ी प्रतियोगिता हुई। युवाओं ने सुंदर पगड़ी बांधी तो गुरुद्वारा तालियों से गूंज उठा। मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि सिख समाज के इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता।

**● विधायक बोले, भुलाया नहीं जा सकता सिख समाज का इतिहास**

मुख्यातिथि अनूप सिंह व विधायक ने प्रथम स्थान पाने वाले को 5100, द्वितीय को 3100 रुपये और तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागी को 2100 रुपये वितरित किए। विधायक ने कहा कि सिख समाज हमेशा ही समाज सेवा में आगे रहता है, कहा वो भी पुण्य के कार्यों में समिति के साथ हैं। गुरुद्वारा सिंह सभा में रविवार को बच्चों के द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से पगड़ी बांधी गई। बाहर से आए जज जसपाल सिंह चीमा, गुरवंत सिंह विर्क के द्वारा विजेताओं का चयन किया गया। जिसमें पहला इनाम 5100 रुपये, दूसरा इनाम 3100 रुपये, तीसरा इनामी 2100 रुपये चौथा इनाम 1150 और पांचवा इनाम 1100 रुपये विजेता बच्चों को दिए गए। वीर अनूप सिंह ने कहा कि हर सिख बच्चे का फर्ज बनता है कि वह पगड़ी पहने। वीर खालसा सेवा समिति बधाई के पात्र हैं जो समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम करते हैं। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि समिति द्वारा पगड़ी प्रतियोगिता बैसाखी पर कराई जाएगी। इस मौके पर सरदार मनमीत सिंह, सरदार तीरथ सिंह, चरणजीत सिंह, जसपाल सिंह, अमरजोत सिंह कपूर, चरणजीत सिंह, नायब सिंह, इंदर सिंह आहूजा, सुरजीत सिंह, करण दीप सिंह एडवोकेट, खुशवंत सिंह, कुलविंदर सिंह, गुरबाज सिंह, नारायण सिंह, मनदीप सिंह, गुलशन अरोड़ा, गुरप्रीत सिंह, अमनदीप सिंह, मनदीप सिंह, सनी कपूर, मनजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, शैफाली अरोरा, अनु अरोड़ा, शीला माथुर, खुशी, अंजना अरोड़ा, हरिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, महिला घायल

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** बच्चों के विवाद में एक पक्ष ने महिला और उसके बच्चों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

ग्राम लाम्बा खेड़ा निवासी नबी अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 फरवरी को बच्चों के बीच मामूली कहासुनी से हुई थी। आरोप है कि 18 फरवरी की रात, आरोपी यूनुस ने पहले नबी अहमद के साथ गाली-गलौज की और खुद ही 112 नंबर डायल कर पुलिस बुला ली। पुलिस नबी को थाने ले गई। उसके थाने जाने के बाद, मौका पाकर रात करीब 10:30 बजे आरोपी यूनुस, पत्नी माहेनूर, जलीस और अली अहमद लाठी-डंडे लेकर नबी के घर में घुस गए। घर में उस वक्त नबी की पत्नी अमीर जहां और उनके बच्चे थे। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने महिला को लाठी डंडो से पीटना शुरू किया। इसी बीच यूनुस ने अमीर के सर पर धारदार चीज से कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गई। मां को खून से लथपथ देख बच्चे चीखने-चिल्लाने लगे, तो आरोपियों ने बच्चों को भी बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने यूनुस, माहेनूर, जलीस, अली अहमद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### दो विवादों में चार लोगों का शांतिभंग में चालान

**मसवासी, अमृत विचार :** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में चालान कर दिया। मसवासी पुलिस ने रविवार को चौहद्दा निवासी सुखजिंदर कौर पत्नी स्वर्गीय प्रगट सिंह के खेत की जमीन पर रास्ता बनाए जाने को लेकर चौहद्दा निवासी नरेंद्र सिंह व हरपाल सिंह विवाद कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया और पुलिस चौकी ले आई। शांति व्यवस्था भंग करने के अंदेशे में पुलिस ने दोनों लोगों का एसडीएम न्यायालय में चालान कर दिया। दूसरा मामला नगर के एक मैरिज हॉल में विवाद को लेकर हुआ। जिसमें गांव मंसूरपुर निवासी हेमपाल व योगेश और मजदूर अमित कुमार, विशाल के साथ मारपीट कर रहे थे। दोनों लोगों को हिरासत में ले लिया। देर शाम चारों लोगों को एसडीएम न्यायालय से जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# टैट अनिवार्यता के विरोध में एक्स पर किया ट्रेंड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** टीएफआई के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ व उत्तर प्रदेशीय महिला शिक्षक संघ ने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर टेट अनिवार्यता के खिलाफ अध्यापक व अध्यापिकाओं ने एक्स पर अभियान चलाया। जो ट्रेंड करते हुए टॉप पर रहा।

जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर टेट अनिवार्यता के खिलाफ सभी अध्यापक व अध्यापिका दिनांक 22 फरवरी को एक्स पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 23 ,24 व 25 को बाहों में काली पट्टी बांधकर कर शिक्षण कार्य करेंगे। जबकि 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। वहां से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन देंगे। यदि फिर भी टेट की अनिवार्यता को अध्यादेश लाकर समाप्त नहीं किया गया तो मार्च के मध्य में आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए सभी शिक्षक दिल्ली कूच करेंगे।




एक्स पर ट्रैंड विरोध अभियान।

## न्यूज डायरी



### प्रतिभागियों ने सामान्य ज्ञान में प्रतिभा प्रदर्शित की

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय धोबी महासंघ द्वारा 8 मार्च को होने वाली 150वीं गाडगे जयंती समारोह के उपलक्ष्य में जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई। परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को 8 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने कृष्ण कबीर जूनियर हाई स्कूल अहरोला, बुद्धि विकास बाल विद्या मंदिर हरदासपुर, ऋषि कृपाल सिंह कन्या जूनियर हाई स्कूल मिलक में संत गाडगे, डॉ. आंबेडकर, संविधान, गणित, विज्ञान, हिंदी आदि विषय पर परीक्षा दी। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को 8 मार्च 2026 को होने वाले कार्यक्रम में मुख्यातिथि गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा मंत्री उप्र सहित अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा के दौरान अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिलाध्यक्ष चरण सिंह, सत्यवीर सिंह दिवाकर, रघुवीर शरण, अशोक कुमार, विजयपाल सिंह, कृपाल सिंह, नन्हू सिंह, विक्रम सिंह, ओमवीर प्रताप, मोहनलाल दिवाकर, गुलशन कुमार, प्रसन्न प्रकाश, दिनेश कुमार दिवाकर, रामकुमार दिवाकर, रामकुमार] कमल सिंह, कृपाल सिंह, राम बहादुर, अनिल कुमार, हरपाल सिंह, चंद्रसेन, लीलाधर, प्रेम शंकर आदि मौजूद रहे।



### दूरबीन से देखे चंद्रमा, ग्रह व विभिन्न नक्षत्र

**बिलासपुर, अमृत विचार :** जीडी गोयनका स्कूल में शनिवार शाम खगोल विज्ञान पर आधारित स्टार गेजिंग सत्र का आयोजन हुआ। एस्ट्रो पाठशाला के सहयोग से विद्यालय परिसर में हुए कार्यकम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने दूरबीन की सहायता से चंद्रमा, ग्रहों तथा विभिन्न नक्षत्रों का अवलोकन किया। साथ ही ब्रह्मांड से संबंधित रोचक एवं वैज्ञानिक जानकारियां प्राप्त की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल दिया। अकादमिक डायरेक्टर रुचि गोयल एवं प्रधानाचार्य रुपाली पुरी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक सोच एवं नवाचार की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। यह सत्र सभी के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।



### भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाएं त्योहार

**स्वार, अमृत विचार :** आगामी रमजान और होली पर्व के मद्देनजर मंगलवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ अतुल कुमार पांडेय ने की। बैठक में नगर के संभ्रांत लोगों, धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीओ ने कहा कि दोनों पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक हैं। सभी नागरिक मिलजुलकर त्योहार मनाएं। किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने से बचें। चेतावनी दी कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल संजीव कुमार ने सभी लोगों से आगामी त्योहार मिलजुल कर मनाने की अपील की। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह, जामा मस्जिद के इमाम मौहम्मद अहमद खतीबी, कारी शब्बन खां, अंसारी, मौलाना नाजिम खां, हाजी शमीम अहमद शमशी, भाजपा जिला मंत्री महेन्द्र सैनी, शिवऔतार सक्सेना, पंडित प्रशांत शर्मा, पृथ्वी पाल, इस्लाम अंसारी, मौहम्मद आरिफ, लक्ष्मीकांत सैनी, अमित चंद्रा, अर्जुन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**समस्या** बाजार नसरुल्लाह खां, मिस्टन गंज, बर्तन बाजार में अक्सर लगता है जाम

# इफ्तार के वक्त बाजारों में जाम बढ़ा रहा मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मुख्य बाजारों में जाम रहता है जिस कारण लोगों का निकलना दुश्वार हो रहा है। माहे रमजान में इफ्तार के समय लोगों घर पहुंचना मुश्किल हो रहा है। बाजार नसरुल्लाह खां, पुराना गंज, मिस्टन गंज, बर्तन बाजार और सफदरगंज बाजार में रुक-रुक कर जाम लगना रोजमर्रा की बात है जबकि, चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी मोबाइल में उलझे रहते हैं। लोग जाम के झाम में फंसकर पसीना-पसीना हो जाते हैं। दोपहर में स्थित और भी ज्यादा विकराल रूप ले लेती है। दूर-दूर तक बेतरतीब ई रिक्शा चालक, साइकिल, बाइक, थ्री व्हीलर, पैडल रिक्शाएं आमने-सामने आ जाती हैं। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रह जाते हैं। इसके अलावा स्कूल की छुट्टी होने पर छोटे-छोटे बच्चे जाम में फंसकर हलकान हो जाते हैं। जाम का बड़ा कारण ई रिक्शा चालकों में ट्रैफिक सेंस नहीं होना है। सड़क के किनारे सवारी को देखकर वह तुरंत ही ब्रेक लगा देते हैं जिसके कारण पीछे चलने वाले वाहन ई रिक्शा से टकरा जाते हैं। इसके बाद सवारी को खड़ा देखकर दूसरी ओर से दूसरे ई रिक्शा चालक दौड़ पड़ते हैं और रास्ते पर जाम लग जाता है। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस के नहीं होने से भी जाम की स्थिति बनी रहती है। किसी भी चौराहे पर ट्रैफिक सिपाही ट्रैफिक को कंट्रोल नहीं करते। इस कारण भी जाम की स्थिति बनी रहती है।



शहर कोतवाली के निकट जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

**● बैरियर लगाने के बावजूद बाजारों में पहुंच जा रहे ई-रिक्शा चालक**



बापू माल, तोपखाना रोड, मोती मस्जिद, कोयले वाली मस्जिद, कटरा जलालुद्दीन, जेल रोड पर जाम की स्थिति बनी रहती है। संकरी सड़कों पर स्कूली बसों के कारण दोपहर में शहर जाम में फंस जाता है।

**– नीलू भाटिया**



शहर में जाम की स्थित बनी रहती है इसका मुख्य कारण शहर के बाजारों में ई रिक्शाओं का घूमना है। इसके अलावा दोपहर में स्कूली बसों के कारण जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। स्कूली बच्चों को छोटे वाहनों से पहुंचाया जा सकता है।

**– आबिद हुसैन**



माहे रमजान में शाम को मुख्य बाजारों में इतना जाम हो जाता है कि लोगों का निकलना दुश्वार हो जाता है। शाम को मुख्य बाजारों में ई रिक्शाओं के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगना चाहिए ताकि लोगों को जाम से राहत मिले।

**– मोहम्मद लाल**



जाम की समस्या से हर शख्स परेशान है। जाम में फंसने के कारण बच्चे छुट्टी में अपने घरों तक दो-दो घंटे देर से पहुंचते हैं। इसके अलावा रमजान पर शाम को हर बाजार जाम की गिरफ्त में आ जाता है। प्रशासन लोगों को जाम से निजात दिलाए।

**– मोहम्मद इकरार**

## न्यूज ब्रीफ

### दोबारा कब्जे के प्रयास में दो पर रिपोर्ट

**कैला देवी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सेंडा निवासी चंद्रवती ने गांव के ही दो लोगों पर रास्ते से ठिया उखाड़कर दोबारा कब्जा करने का आरोप लगाया है। बताया गया कि पूर्व में राजस्व विभाग की ओर से उक्त रास्ते को कब्जामुक्त कराया गया था। इसके बावजूद गांव के जयपाल और राजपाल ने ठिया उखाड़कर रास्ते पर कब्जा करने का प्रयास किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विधवा से मारपीट व धमकी में रिपोर्ट दर्ज

**कैला देवी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव निबोरा निवासी एक विधवा महिला ने गांव के ही रामनिवास के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है ।पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी रामनिवास के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जूडो अकादमी में बच्चों को मिलेगा प्रशिक्षण

**चंदौसी, अमृत विचार :** राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में रविवार को एसबीएम जूडो अकादमी का उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि जूडो जैसे खेल बच्चों को आत्मरक्षा के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं तथा बेटियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं। प्रधानाचार्य राजेश कुमार, एस.के. सक्सेना, अनिल कपूर, राजीव कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दरवाजे के विवाद में दादी-पोती घायल

**संभल,अमृत विचार :** थाना नखासा क्षेत्र के गांव सलारपुर कला में रास्ते पर जबरन दरवाजा लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद व मारपीट में दादी और पोती घायल हो गईं। घायल पक्ष के गफ्फार ने आरोप लगाया कि साकिर, इसरार, इकरार और सालिम समेत चार लोग उनके घर में घुस आए और मारपीट की। इस दौरान भूरी और उसकी पोती गुलशन को चोटें आईं। घटना के बाद परिजन घायलों को लेकर थाना नखासा पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# कैप्सूल ट्रक से धू धूकर उठीं लपटें

## आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर सीमेंट भरे कैप्सूल से टकरा गई बाइक, डेढ़ घंटा रहा जाम

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर देर रात बाइक सीमेंट से भरे कैप्सूल से टकरा गई। सड़क पर फिसलते समय निकली चिंगारी टायरों से टकराई तो कैप्सूल में आग लग गई। आग के चलते हाईवे पर करीब डेढ़ घंटे तक यातायात रोकना पड़ा।

हादसा हाईवे पर शनिवार रात करीब 12:30 बजे हुआ। गांव नाधौस निवासी पिंटू बाइक से बहजोई से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर लहराती हुई सीमेंट से भरे कैप्सूल से टकरा कर सड़क पर फिसल गई, जिससे चिंगारी निकली। बाइक की चिंगारी से कैप्सूल के टायरों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घायल पिंटू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उधर, आग बुझाने के लिए बहजोई, बबराला, गुन्नौर और चंदौसी से दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। करीब डेढ़ घंटे जाम लगा रहा। घटना में कैप्सूल को पांच लाख रुपये से अधिक का नुकसान बताया गया है। क्राइम इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। घायल युवक का उपचार जारी है।



सीमेंट से भरे कैप्सूल से उठती लपटें। ● अमृत विचार

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में संभल -जोया मार्ग पर मदाला फत्तेहपुर गांव के सामने बाइक सवार को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभल -जोया मार्ग पर मदाला फत्तेहपुर गांव में बाइक से पंवासा जाते समय अमरोहा जिले के थाना नौगावा सादात क्षेत्र के गांव रजाकपुर निवासी डालचंद्र को कार से आ रहे गोविंदपुर गांव निवासी मोज्जम ने टक्कर मार दी। डालचंद गंभीर रूप से घायल हो गया। डालचंद ने हादसे की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**संभल, अमृत विचार :** ननद से मिलने जा रही भाभी की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि भाई मामूली रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने गड्ढे से बचते हुए बाइक को साइड से टक्कर मार दी। थाना असमोली के गांव गुमसानी निवासी रमेश कश्यप अपनी पत्नी बेबी (38) के साथ रविवार शाम बाइक से बहन नन्हीं के घर गांव उम्मेदपुर, थाना रजपुरा जा रहे थे। बाइक सड़क किनारे कच्चे में चल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर बने गड्ढे से बचने के प्रयास में बाइक को साइड से टक्कर मार दी। दंपती बाइक समेत सड़क किनारे खंदक में जा गिरे। गिरते समय बेबी पेड़ से टकरा गई। उसे जिला अस्पताल भेजा जहां इमरजेंसी प्रभारी डॉ. विश्वनाथ प्रताप सिंह ने महिला को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि ट्रक संभल की ओर गया है। उसकी तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## यादव जी की लव स्टोरी का जारी रहेगा विरोध

**संभल,अमृत विचार:** यादव युवा संघ के हल्लू सराय कार्यालय पर रविवार को बैठक आयोजित कर फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर प्रतिबंध लगाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कार्रवाई की मांग की।

मोरध्वज यादव ने कहा कि यदि फिल्म पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो यादव समाज सम्मान की रक्षा के लिए बड़ा निर्णय लेने को बाध्य होगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अनुशासित और शांतिपूर्ण तरीके से एकजुट रहें। एडवोकेट जीतपाल यादव ने कहा कि फिल्म पर प्रतिबंध लगने तक विरोध जारी रहेगा। हरिओम यादव ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर प्रयास तेज करने की अपील की। लोकेश यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी फिल्म को लेकर आक्रोश होने की बात कही। यूट्यूबर सुलेद्र यादव , बृजेश यादव, सतवीर यादव, अशोक यादव, अमित यादव, नितनेश यादव, जुगेंद्र यादव, मुकेश यादव, सतपाल सिंह यादव, दीपक यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनता के बीज मजबूत हो रही है कांग्रेस : अविनाश



प्रदेश प्रभारी के स्वागत को खड़े कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बबराला

● कांग्रेस प्रदेश प्रभारी का गुन्नौर में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे का रविवार सुबह गुन्नौर में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

वह बदायूं के दातागंज में आयोजित 'संविधान संवाद एवं मनरेगा बचाओ सभा' में शामिल होने जा रहे थे। अविनाश पांडे ने कहा कि संविधान की रक्षा, लोकतंत्र की मजबूती और जनता के अधिकारों को लेकर प्रदेश भर में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी तेजी से संगठित हो रही है और जनता के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की, काजी हम्माद मुबीन, उवैस अब्बासी, हाफिज गुड्डू, जान मोहम्मद, डीके वाल्मीकि, सलीम सैफी, सुनील कुमार शर्मा, सफी सैफी, भूरे अली, सुनील यादव, पुरुषोत्तम पाल, ऋषभ यादव, तंजीम जाकिर, नोमान हैदर, मुशर्रफ हुसैन, अंजार तुर्की, प्रमोद कुमार, आयुष गुप्ता, बबलू, शमीम सैफी, शकील व अन्य मौजूद रहे।

# मनोरंजन के नाम पर तथ्यों से न हो छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने घूसखोर पंडित और यादव जी की लव स्टोरी जैसी फिल्मों को लेकर कहा कि फिल्म तथ्यात्मक और सत्य पर आधारित होनी चाहिए। मनोरंजन के नाम पर मिर्च-मसाला और तथ्यों से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डॉ. शेखावत संभल मीडिया से बातचीत में कहा कि पूर्व में कई फिल्मों के माध्यम से क्षत्रिय और राजपूत समाज को अपमानित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब विभिन्न समुदायों के नाम पर फिल्में बनाकर सनातन समाज की छवि को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। फिल्म निर्माण अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत आता है, लेकिन इसे जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। किसी भी धर्म, देवी-देवता या समाज की भावनाओं को आहत करने वाली सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी।



हल्लू सराय में समर्थकों के साथ करणी सेना अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत।

● क्षत्रिय करणी सेना अध्यक्ष ने विवादित फिल्मों को लेकर दी कड़ी प्रतिक्रिया

उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि भविष्य में इस प्रकार की फिल्मों का विरोध किया जाएगा। डॉ. शेखावत ने कहा कि करणी सेना ऐसे मुद्दों पर संगठन स्तर पर रणनीति बनाएगी और फिल्म निर्माताओं से संवाद कर अपनी आपत्तियां दर्ज कराएगी।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे तथ्यों की जांच करें और किसी भी सामग्री को आंख बंद कर स्वीकार न करें। 1978 तथा 24 नवंबर 2024 की घटनाओं की पृष्ठभूमि पर बन रही फिल्म 'कल्कि संभल' को लेकर डॉ. राज शेखावत ने कहा कि एक व्यक्ति या समूह के आधार पर पूरे समाज को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, न कि पूरे समुदाय के खिलाफ। उन्होंने मुस्लिम समाज का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों की वजह से पूरे समुदाय की छवि प्रभावित होती है, इसलिए समाज के भीतर भी आत्ममंथन की जरूरत है।

## संघ जिला संपर्क प्रमुख के पिता का निधन

**बबराला, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख जगदीप वार्ष्णेय के पिता दुर्गा प्रसाद (82 वर्ष) का रविवार सुबह हृदयाघात से निधन हो गया।

संघ परिवार एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। इस दौरान संघ के जिला प्रचारक दीपक, जिला कार्यवाह डॉ. राजकुमार वैदिक, जिला शारीरिक शिक्षा प्रमुख हरि गोविंद, खंड कार्यवाह ऋषभ, भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव, नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सोमवार सुबह राजघाट गंगा तट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



दुर्गा प्रसाद।

# महिला को खींच ले गए कार सवार

कार्यालय संवाददाता,संभल

● पति ने लगाया अपहरण का आरोप, हत्या की आंशका जताई

● पुलिस ने किया दावा, महिला को पिता व परिजन ले गये

**अमृत विचार:** तहसील गुन्नौर के धनारी में रविवार दोपहर घर में घुसकर कुछ लोगों द्वारा महिला को जबरन खींचकर ले जाने का मामला सामने आया है। सूचना के करीब दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दावा किया कि महिला को उसके पिता, दो भाई और चाचा अपने साथ ले गए। उधर, पति ज्ञानेंद्र उर्फ राजू ने बच्चों से मारपीट कर पत्नी को अगवा करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है और हत्या की आशंका जताई है।

ज्ञानेंद्र पुत्र तेजराम सिंह ने आरोप लगाया कि भगत सिंह, वेदपाल पुत्र रामवीर, राम खिलाड़ी निवासी दिनौरा और शैलेंद्र निवासी बबराला रविवार दोपहर करीब एक बजे घर में घुस आए। आरोप है कि बच्चों से मारपीट कर उसकी पत्नी को जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग घर के अंदर से महिला को खींचकर बाहर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस शाम छह बजे तक गांव में जांच करती रही। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि महिला को उसके पिता, दो भाई और एक चाचा ज्ञानेंद्र के घर से लेकर गए हैं। विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए हैं। पुलिस के अनुसार फोन पर महिला से बात हुई है, जिसमें उसने कहा कि वह परिवार से नाराज होकर गई थी और अब वापस अपने घर आ गई है।

पुलिस ने बताया कि पूजा की वर्ष 2017 में उमेश पुत्र भूर सिंह निवासी रायपुर, थाना रजपुरा से शादी हुई थी। वर्तमान में उमेश जनपद मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र स्थित गोविंद नगर में रहता है। दंपती का एक बेटा भी है। बताया गया कि पूजा पिछले दो वर्षों से मायके में रह रही थी और उमेश से तलाक का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। 20 फरवरी को पारिवारिक विवाद के बाद वह ज्ञानेंद्र के पास चली गई थी। वहीं ज्ञानेंद्र का दावा है कि 2016 से दोनों की बातचीत थी और 2019 से पूजा उसके साथ रह रही है। उसने कहा कि उनका भी आठ वर्ष का एक बेटा है। उसका आरोप है कि परिजन पूर्व में भी महिला को समझाकर ले गए थे और उसे घर में बंद कर रखा था। शुक्रवार को वह फिर उसके पास आई थी। रविवार को 20-25 लोग आए, घर का सामान उठा ले गए, बच्चों से मारपीट की और महिला को जबरन ले गए।

# ओवरलोड डंपरों के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



असमोली के ओबरी में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** ओबरी- असगरीपुर लिंक मार्ग पर मिट्टी से लदे ओवरलोड डंपरों की दिन-रात आवाजाही से ग्रामीणों में आक्रोश है। रविवार को लोगों ने डंपरों को रोक लिया और विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि ओबरी के ताली जंगल क्षेत्र से मिट्टी खनन कर अमरोहा के थाना डिडोली क्षेत्र स्थित गांव ककराली के एक ईंट भट्ठे पर ले जाई जा रही है। डंपरों से गिरती मिट्टी और धूल के कारण लोग परेशान हैं। रविवार को इरफान, अहसान, जाने आलम, बुरहान, एजाज, मेंहदी, बब्बू, आसिफ समेत अन्य ग्रामीणों ने गांव के पास डंपरों को रोककर विरोध जताया। डंपर चालकों ने भट्ठा स्वामी से ग्रामीणों की फोन पर बातचीत कराई। भट्ठा स्वामी की ओर से सड़क पर पानी का छिड़काव कराने का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने डंपरों को जाने दिया।

# समाज में भाईचारा और संस्कार जरूरी

कार्यालय संवाददाता , संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा कस्बे के रामलीला मैदान में रविवार को हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह प्रो. डॉ. राजकुमार वैदिक ने सामाजिक एकता और आत्ममंथन का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि के रूप में बरेली के प्रसिद्ध सर्जन एवं मानस सेवा समिति के संस्थापक डॉ. ब्रजेश यादव ने युवाओं से आपसी विवाद समाप्त करने, नशामुक्ति अपनाने और आगामी पंचायत चुनाव में शराब के वितरण का विरोध करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए आपसी भाईचारा और संस्कार जरूरी हैं। सांकरा घाट आश्रम के महंत स्वामी रमाकांत पुरी ने कहा कि हिंदू संस्कृति विश्व शांति और समरसता का संदेश देती है तथा सभी धर्मों और प्राणियों के कल्याण की भावना रखती है। उन्होंने इतिहास के संदर्भ में कहा कि हिंदू समाज मूलतः सहिष्णु रहा है।



संभल के रजपुरा में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

● रजपुरा के रामलीला मैदान में हिंदू महासम्मेलन का आयोजन

आरएसएस के विभाग परिवार प्रबोधन प्रमुख महावीर सिंह ने संगठन की शताब्दी यात्रा और 'पंच परिवर्तन' विषय पर विस्तार से जानकारी दी। संचालन डॉ. राजकुमार वैदिक ने किया। हिन्दू सम्मेलन समिति के कोषाध्यक्ष अशोक अग्निहोत्री ने आभार व्यक्त किया। जिला प्रचारक दीपक कुमार, हरिगोविंद सिंह, यशपाल आर्य शास्त्री, राधेश्याम, शालू वार्ष्णेय, पंकज, शैलेश वार्ष्णेय, प्रदीप गोयल, सुरेंद्र कुमार, रामौतार कुशवाहा, अर्पित अग्रवाल, राघवेंद्र यादव, विपिन यादव, पूर्व मंत्री अजीत राजू यादव व अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### पर्यावरण आधारित नाट्य कृति 'कुदरत का विद्रोह' को मिला सम्मान

**बबराला, अमृत विचार :** बबराला नगर निवासी प्रमुख शिक्षाविद डॉ. प्रमोद यादव को उनकी पर्यावरण आधारित नाट्य कृति 'कुदरत का विद्रोह' के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। रविवार को दिल्ली स्थित देशमुख ऑडिटोरियम में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित हिंदी ओलंपियाड समारोह में उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता और नीति आयोग के सदस्य डॉ. विजय सारस्वत ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। 'कुदरत का विद्रोह' पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के संतुलन पर आधारित नाटक है, जिसमें मानव द्वारा प्रकृति के अंधाधुंध दोहन, पेड़ों की कटाई, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि यदि समय रहते प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नहीं रोकी गई, तो उसका ''विद्रोह'' मानव सभ्यता के लिए गंभीर संकट बन सकता है। डॉ. प्रमोद यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पाठ्य विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।



### देर रात बजाने पर दो डीजे सीज संचालक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए बहजोई थाना पुलिस ने पवासा व बहजोई कस्बे से दो डीजे वाहन सीज करने के साथ ही डीजे संचालकों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। दो दिन पहले ही अपराध समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों से कहा था कि देर रात तक डीजे बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसके साथ ही लाउडस्पीकर व डीजे सहित तमाम ध्वनि विस्तारक यंत्रों को नियम अनुसार सीमित आवाज में ही बजाने की छूट दी जाए। इस निर्देश के बाद बहजोई थाना पुलिस ने शनिवार देर रात नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों पर कार्रवाई का अभियान चलाया। थाना पुलिस ने बहजोई के बाजार व गांव पवासा में बज रहे दो डीजे वाहनों को पकड़कर डीजे सेट सहित वाहनों को सीज कर दिया। इसके साथ ही डीजे संचालक ऋतिक निवासी मोहल्ला होली वाला निकट सुखदेव इंटर कॉलेज हसनपुर जनपद अमरोहा व गौरव पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम सुल्तानपुर मौलवी थाना गजरौला जिला अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया। बहजोई थाने के प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने बताया कि नियमों का उल्लंघन कर देर रात तेज आवाज में डीजे बजाने पर दो डीजे सैट को वाहनों सहित सीज किया गया है। इन दोनों डीजे के संचालकों की गिरफ्तारी की गई है।

### बिना अदालत की इजाजत नहीं होगी जामा मस्जिद की रंगाई पुताई

**संभल,अमृत विचार :** विवादित धार्मिक स्थल श्री हरिहर मंदिर बनाम शाही जामा मस्जिद परिसर की रंगाई-पुताई को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। मस्जिद इंतजामिया कमेटी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिवक्ता ने इस मुद्दे पर अपने-अपने पक्ष रखे हैं। अधिवक्ता विष्णु शर्मा ने कहा कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक लगी हुई है। ऐसे में बिना न्यायालय के स्पष्ट आदेश के कोई भी रंगाई-पुताई नहीं कराई जा सकती। उन्होंने बताया कि पिछली बार उच्च न्यायालय के आदेश पर एएसआई की देखरेख में बाहरी हिस्से की रंगाई-पुताई कराई गई थी। यदि भविष्य में कार्य होगा तो वह भी न्यायालय के निर्देशानुसार एएसआई द्वारा ही कराया जाएगा। वहीं मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष जफर अली एडवोकेट का कहना है कि मस्जिद में वर्षों से रमजान माह में नियमित रूप से साफ-सफाई और रंगाई-पुताई होती रही है। इस संबंध में एएसआई को रजिस्टर्ड डाक और ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर अंदरूनी हिस्से की भी पुताई की अनुमति मांगी गई है। उनका कहना है कि बारिश और धूल के कारण पूर्व में कराई गई पुताई खराब हो चुकी है।

### कथावाचक कृष्णाकांत शास्त्री का किया सम्मान

**चंदौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की सदस्य नंदिनी अग्रवाल के आवास विकास स्थित निवास पर रविवार को कथावाचक कृष्णाकांत शास्त्री का आगमन हुआ, जहां पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया। शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन धर्म की परंपराओं को जीवित रखने के लिए कथा, हवन और धार्मिक आयोजनों में सहभागिता आवश्यक है। इससे युवा पीढ़ी में संस्कार और परिवार के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में अध्यक्ष नीतू रस्तोगी, शिखा शर्मा, शालिनी शर्मा, शोभा शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं।



# शिविर में सैकड़ों लोग लाभान्वित

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल द्वारा रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चन्दौसी परिसर में व्यापक विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर जनपद न्यायाधीश रागिनी सिंह ने किया। आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें सिविल जज सीडी आदित्य सिंह, सिविल जज जूडी दिव्या गर्ग, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिंडालिया, एडीएम (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डे और अन्य अधिकारी शामिल थे। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र व बैसाखी वितरित की गईं।




विधिक सेवा शिविर के दौरान बच्चों को प्रमाण पत्र देतीं अतिथि। ● अमृत विचार

● राजकीय आईटीआई में विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क जांच, परामर्श और दवा वितरण के साथ आयुष्मान कार्ड बनाए। बाल विकास विभाग ने गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न कराया। उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन वितरित किए गए। पशुपालन, कृषि, जल जीवन मिशन, समाज कल्याण, पंचायती राज, शिक्षा, परिवहन व अन्य विभागों ने भी पंजीकरण कर योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सेवाओं का लाभ उठाया।

# शिक्षण को रोचक बनाने के तरीकों पर किया गया मंथन

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के तत्वावधान में सामाजिक विज्ञान विषय पर शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने नवाचारों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया।

कार्यशाला में शिक्षकों ने पीपीटी और टीएलएम के माध्यम से सामाजिक विज्ञान को रोचक और सरल बनाने के अपने प्रयोग साझा किए। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि ऐसे नवाचार शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने शिक्षकों को इन नवाचारों को कक्षा में लागू करने के लिए प्रेरित किया। स्वाती गुप्ता ने तनाव प्रबंधन और शिक्षक-छात्र संबंधों पर उपयोगी जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विषय की नई शिक्षण विधियों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। संचालन सुनीता शर्मा ने किया।



शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में काम कर रहीं महिलाओं ने देखा तेंदुआ

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गांव कलाली में शुक्रवार की देर शाम गांव निवासी रीनू अपनी जेठानी के साथ गांव के बाहर गन्ने के खेत में काम कर रही थीं। तभी पास के खेत से एक तेंदुआ तेजी से निकलकर आगे की ओर बढ़ गया। दोनों महिलाएं घबरा गईं और शोर मचाने लगीं। आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य किसान भी मौके पर पहुंच गए। तेंदुआ झाड़ियों और गन्ने के खेतों के बीच से निकलकर ओझल हो गया। वन विभाग की टीम पहुंची और आसपास के खेतों में निरीक्षण किया। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले खेतों में न जाएं, खासकर सुबह-शाम के समय विशेष सावधानी बरतें।

### कई प्रमुख रालोद नेता सपा में शामिल

**बिजनौर, अमृत विचार :** मुरादाबाद सांसद रूचि वीरा के नेतृत्व में पूर्व रालोद जिलाध्यक्ष राहुल चौधरी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश (रालोद) के पूर्व अध्यक्ष मुनिदेव शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवेश चौधरी, प्रदेश महामंत्री व्यापारी एकता पारिषद समेत 25 नेताओं ने अखिलेश यादव की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अचानक हुए राजनीतिक घटना क्रम से राष्ट्रीय लोकदल को बिजनौर क्षेत्र में बड़ा झटका लगा है। साथ ही भाजपा में भी खलबली पैदा कर दी है। सांसद रुचि वीरा ने राजनीतिक पार्टियों एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी को सपा ज्वाइन कराकर विरोधियों को भी झटका देकर अपनी ताकत का एहसास कर दिया है।

### बाइक सवारों ने पैदल जा रही महिला के कुंडल नोचे

**हसनपुर, अमृत विचार :** दवाई लेकर घर पैदल लौट रही महिला के कानों के कुंडल बाइक सवार दो बदमाशों नोचकर फरार हो गए। पुलिस जांच में जुट गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेरगढ़ निवासी सीमा पत्नी धर्म सिंह रविवार को अमरोहा चौराहे स्थित एक अस्पताल से दवा लेकर चार बजे पैदल घर जा रही थी। बाईपास मार्ग स्थित कमाल पैलेस के निकट बाइक सवार दो बदमाशों ने कुंडल नोच लिए और फरार हो गए। पीड़िता सीमा कोतवाली पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी है जांच की जा रही है।

# खतरा-ए-जान : जिला अस्पताल में फिजिशियन के सहारे दिल के मरीज

## कार्डियोलोजिस्ट न होने पर परेशान होते हैं मरीज, दूसरे जिलों में किए जाते हैं रेफर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जनपद में बढ़ते हृदय रोग के मामलों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था में बदहाल है। यहां किसी भी सरकारी अस्पताल में दिल का इलाज नहीं है। दिल का दौरा पड़ने से लगातार हो रही मौतों के बावजूद जिले के किसी भी सरकारी अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट तैनात नहीं है। जिला अस्पताल की स्थिति भी इससे अलग नहीं है, जहां रोजाना हार्ट संबंधी 5 से 10 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

अमरोहा जिला अस्पताल में पिछले करीब 6-7 सालों से कार्डियोलोजिस्ट का पदा खाली है। इसके अलावा कई ऐसे पद है जो भरे नहीं गए है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपस्थिति में दिल के मरीजों का इलाज जनरल फिजिशियन के भरोसे चल रहा है। प्रारंभिक जांच के बाद दवाएं तो लिख दी जाती



जिला अस्पताल अमरोहा। ● अमृत विचार

हैं, लेकिन गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए मेरठ या मुरादाबाद रेफर करना पड़ता है। इससे न केवल मरीजों की परेशानी बढ़ रही है, बल्कि समय पर इलाज न मिलने का खतरा भी बना रहता है। सरकार जहां सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा कर रही है, वहीं जिला अस्पताल में न तो कार्डियोलॉजिस्ट है और न ही चेस्ट फिजिशियन की नियुक्ति हो सकी है। लंबे समय से दोनों पद खाली पड़े हैं, जिससे हृदय और श्वास संबंधी बीमारियों के मरीजों को विशेषज्ञ उपचार नहीं मिल पा रहा। यहां पर सिटी स्कैन से लेकर ब्लड बैंक व तमाम तरीके की जांच मशीने हैं। लेकिन सिर्फ दिल का इलाज करने वाला कोई चिकित्सक नहीं है। जबकि मौजूदा समय में

**● जिला अस्पताल में रोजाना हार्ट संबंधी 5 से 10 मरीज पहुंचते हैं**

सबसे ज्यादा दिल की बिमारी लोगों को परेशान कर रही है। जिले में बढ़ते हृदय रोग के मामलों के बीच विशेषज्ञों की कमी स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है।

जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके भंडारी का कहना है कि अस्पताल में अब तक कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं हो सकी है। इस संबंध में शासन को लगातार पत्राचार किया जा रहा है और जल्द ही विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति की उम्मीद जताई जा रही है। तब तक हल्की समस्या वाले मरीजों को जनरल फिजिशियन देख रहे हैं। मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कते नहीं आने दी जाती हैं। जबकि गंभीर मामलों में मरीजों को बाहर रेफर करना मजबूरी बना हुआ है।

## पीस कमेटी की बैठक में त्योहारों पर सौहार्द की अपील

**सैदनगली, अमृत विचार:** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

होली, रमजान और ईद जैसे प्रमुख पर्वों को भाईचारे और आपसी समन्वय के साथ मनाने पर विशेष बल दिया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सहरावत ने कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा गया। बैठक में मौजूद सभी समुदायों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाने का संकल्प लिया। पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कांग्रेसियों को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट


हाउस अरेस्ट कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया को उनके आवास पर पुलिस प्रशासन ने हाउस अरेस्ट कर लिया। वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गांधी मूर्ति पर बीजेपी नेताओं का पुतला फूंकने के लिए जा रहे थे।

दरअसल 21 फरवरी को बीजेपी के युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। शनिवार को कांग्रेसियों ने पुतला दहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की थी। कार्रवाई न होने की स्थिति में ऐलान किया था अमरोहा गांधी मूर्ति पर भाजपा के बड़े नेताओं का पुतला दहन किया जाएगा। उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें सैदनगल में उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा जुल्म और अन्याय का डटकर मुकाबला करेंगे। देश की जनता पर जुल्म नहीं होने देंगे। समय आने पर प्रत्येक जुल्म का हिसाब बराबर करेंगे। कांग्रेस पार्टी का जन्म ही जुल्म और अन्याय विरुद्ध हुआ है।

## बरात में फूल बरसाने वाली किशोरी से छेड़छाड़, दो गिरफ्तार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक बैंकेट हॉल में शुक्रवार रात बरात के स्वागत में फूल बरसाने आई गजरौला निवासी 16 वर्षीय किशोरी के साथ चार युवकों ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शुक्रवार रात नगर के एक बैंकेट हॉल में बरात आई थी। स्वागत के लिए गजरौला से फूल बरसाने वाली लड़कियों को बुलाया गया था। इसी दौरान शराब के नशे में धुत चार युवकों ने किशोरी के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़िता की मां के विरोध करने पर आरोपियों ने दुस्साहस दिखाया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

खंगाले और आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने अतुल चौहान निवासी सेमला और आकाश निवासी करनपुर माफी सहित दो अज्ञात के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह व वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमित कुमार की टीम ने नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अन्य दो अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## सड़क सुरक्षा के नियमों की दी गई जानकारी

**हसनपुर, अमृत विचार:** चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन डगरोली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर का आयोजन किया गया। शिक्षाविद ब्रह्दत त्यागी ने सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। स्वयंसेवकों को बाइकर्स एवं फोर व्हीलर ड्राइवरो को सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ राकेश आर्य ने कहा कि हमारे देश में हर साल हजारों लोग सड़क सुरक्षा की जानकारी के अभाव में एक्सीडेंट का शिकार हो जाते हैं। इसलिए हम सब का कर्तव्य है कि अपने गांव परिवार समाज के लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दें। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार, मनोज शर्मा, विनोद गुप्ता, लोकेश कुमार, जूही त्यागी, शिवानी, राखी, सरस्वती, मोनिका, पूजा अनीता, शीतल आदि स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा ने फैक्ट्रियों का फूंका पुतला

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में रविवार को भी जारी रहा। इस दौरान किसानों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और कैमिकल फैक्ट्रियों के पुतले जलाकर जोरदार विरोध जताया।

किसानों का आरोप है कि औद्योगिक अपशिष्ट से भूमिगत जल पूरी तरह दूषित हो चुका है, जिसके कारण फसलें, मवेशी और मनुष्य गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर से ग्रस्त हो रहे हैं। जीवनदायिनी बगद नदी में मछलियां और जलीय जीव समाप्त हो गए हैं। कैमिकल युक्त वातावरण से वसंत ऋतु प्रभावित हो रही है।

आम के बागों में फूल सूख रहे हैं, परागण बाधित हो रहा है, फल समय से पहले झड़ रहे


पुतला फूंकते किसान। ● अमृत विचार

**● रासायनिक फैक्ट्रियों से हो रहे प्रदूषण का विरोध कर रहे किसान**

हैं और फसलों में फफूंद जनित रोग बढ़ गए हैं। अध्यक्ष नरेश चौधरी, राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडलाध्यक्ष एहसान अली, होमपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रमेश चंद्र, आजम चौधरी, रामचंद्र सिंह, मनोहर लाल, सत्यपाल सिंह, हाजी नन्नू सैफी, सोमपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, तनवीर सिंह, रघुवीर सिंह, सूखे सिंह, गंगाराम सिंह, रामशरण सिंह, जसवंत सिंह, चंद्रपाल सिंह, रतन सिंह, जसवीर सिंह, रामचंद्र सिंह, असद अली, अकिल चौधरी, बंश सिंह समेत काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विधायक की गाड़ी से भिड़ी बाइक, दो युवक हिरासत में

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** रविवार देर शाम विधायक राजीव तरारा की कार को एक बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जिसने कुछ ही देर में तूल पकड़ लिया। बाइक सवार युवकों ने विवाद के दौरान विधायक की गाड़ी पर पत्थर भी फेंके। इससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उस समय विधायक अपनी कार से अमरोहा की ओर जा रहे थे।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

**● वरिष्ठ उप निरीक्षक, चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल निलंबित**

पुलिस ने दोनों बाइक सवार युवकों को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में दोनों युवकों की नशे में होने की बात सामने आई है। उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। उधर, मामले में लापरवाही के आरोप में वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज जुगल किशोर और कांस्टेबल अंकुश मलिक को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### शिविर में साक्षरता दिवस आयोजित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** वाईएमएस डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम धनौरी खुर्द शमाली में शिविर का दूसरे दिन साक्षरता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी सोहन सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया।

## दबंगों ने सर्राफा बाजार में युवक का सिर फोड़ा

**हसनपुर, अमृत विचार :** एक युवक पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा माफी निवासी पीड़ित राजीव का कहना है कि शनिवार की शाम उसका भाई देविंदर सर्राफा बाजार स्थित अपनी दुकान के पास नल से पानी भरने जा रहा था। इसी बीच मोहल्ला खैवान निवासी आरोपी ने साथियों के साथ उसे घेर लिया और बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने देविंदर के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसका सिर फट गया। शोर सुनकर राहगीरों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## दूसरी शादी की सूचना पर पहुंची पुलिस, दूल्हा-दुल्हन फरार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ कैला देवी

**अमृत विचार:** राजपुरा थाना क्षेत्र के गांव तोमई निवासी विजेंद्र पुत्र डोरी की दूसरी शादी की तैयारी उस समय धरी रह गई जब पुलिस ने छापा मार दिया। पुलिस को देखते ही दूल्हा-दुल्हन समेत कई लोग फरार हो गए। पुलिस ने दो से तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

विजेंद्र की शादी करीब दस वर्ष पूर्व धनारी थाना क्षेत्र के गांव गुरेटा निवासी सर्वेश पुत्री रामफल के साथ हुई थी। शादी के बाद से दंपती की कोई संतान नहीं है। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद की स्थिति बनी रहती थी। रविवार देर शाम सूचना मिली कि विजेंद्र कैला देवी थाना क्षेत्र के एक गांव में दूसरी शादी रचाने

**● पहली पत्नी के परिजनों ने लगाया नाबालिग से विवाह का आरोप**

जा रहा है। इसकी भनक लगते ही पहली पत्नी सर्वेश के परिजन कैला देवी थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि बिना तलाक दिए विजेंद्र दूसरी शादी कर रहा है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि जिस लड़की से विवाह कराया जा रहा था वह नाबालिग है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शादी की चल रही तैयारियां अधूरी रह गईं और दूल्हा-दुल्हन फरार हो गए। पुलिस ने मौके से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी



### निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**हसनपुर, अमृत विचार :** डॉ: विनोद अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर डॉ. विनोद हॉस्पिटल हसनपुर एवं अपोलो लेज़र आई हॉस्पिटल मुरादाबाद द्वारा आर्य समाज मंदिर में निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। लगभग 200 मरीजों द्वारा अपनी आंखों का चेकअप डीआर पल्लव अग्रवाल, डॉ प्रांजल अग्रवाल एवं डॉ संचिता अग्रवाल के द्वारा कराया गया। डॉ. प्रांजल अग्रवाल ने बताया कि शिविर के माध्यम से लगभग 200 लोगों का चेकअप किया गया है जिसमें से 60 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन डॉक्टर विनोद हॉस्पिटल हसनपुर में निशुल्क किये जाएंगे। इस मौके पर अंकित गुप्ता, विनय गुप्ता, रमेश चंद गुप्ता, रोहतास सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### काव्य संध्या एवं भाषा विभूति अलंकरण समारोह

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर विश्व हिन्दी मंच के तत्वावधान में संस्कार भारती एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा काव्य संध्या एवं भाषा विभूति अलंकरण समारोह किया गया। मुख्य अतिथि विद्युत अधिकारी राजन सिंह ने शुभारंभ किया। साहित्यकार शशि त्यागी, बांकेलाल सारस्वत, श्योनाथ सिंह शिव तथा डॉ. राजेश सारस्वत को भाषा विभूति से अलंकृत किया गया। युवा कवि हर्ष अमरोही ने लोगों को अब जगाने में पढ़ रहा हूं, हां धीरे ही पर आगे बढ़ रहा हूं कविता सुनाई। वरिष्ठ साहित्यकार बांकेलाल ने हम चले मिलाकर कदम नए संकल्प लिए की ओजपूर्ण प्रस्तुति दी। युवा रचनाकार हेमानंदन शर्मा ने हिंदी का गुणगान करते हुए कहा, सजेगी माथ पर हिंदी तो होगा नाज़ हिंदी पर, चलेगी श्वास हिंदी में तो होगा नाज़ हिंदी पर। अभिषेक गुप्ता ने कभी अपने जख्मों को भी छुपाना पड़ता है, तो कभी न चाहकर भी मुस्कुराना पड़ता है प्रस्तुत की। आकर्ष सफ़र अमरोही ने कहा, अगर पत्थर नहीं तो फिर आग हम रगड़कर एड़ियों से पैदा करेंगे। संचालन राजकुमार पाल राज ने किया। विश्व हिन्दी मंच के अध्यक्ष डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि मातृभाषा हमारी प्रथम अभिव्यक्ति होने के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों के प्रवाह का पावन सोपान है। नीता भटनागर, कैलाश कुमार, नरेंद्र कटारिया, नरेश त्यागी, ब्रह्मदेव आर्य, कुंज बिहारी, बिजेंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह आदि रहे।

### हाईवे ओवरब्रिज से ट्रक के आगे कूदे युवक की मौत


अनस।

**डिडौली, अमृत विचार :** हाईवे पर ओवरब्रिज से एक युवक ने ट्रक के सामने छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दिल्ली के थाना खजूरी स्थित राजीव कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय अनस पुत्र फिरोज के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अनस पुल पर पैदल चल रहा था और अचानक मुरादाबाद दिशा से आ रहे ट्रक के आगे कूद गया। ट्रक की टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। सुचना मिलने पर डिडौली पुलिस भी पहुंच ग्रई। पुलिस ने घायल को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे बचाया नहीं जा सका। परिजनों के अनुसार अनस करीब 15 दिन पहले बिहार में डीजे बजाने गया था वहां उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। तीन दिन पहले ही वह घर के लिए निकला था। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां रुकसाना का रो-रोकर बुरा हाल है। डिडौली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



### धोरिया गांव में ट्रैक्टर से स्टंटबाजी, वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में स्टंटबाजों के हौसले बुलंद हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक ट्रैक्टर के साथ जानलेवा स्टंट करते नजर आ रहा हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे ट्रैक्टर को अगले पहियों से उठाकर असंतुलित तरीके से चलाया जा रहा है, जिससे न केवल चालक बल्कि आसपास मौजूद लोगों की जान भी जोखिम में है। है कि पुलिस लगातार कार्रवाई और चालान के बावजूद क्षेत्र में स्टंटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन रील बनाने और रसूख दिखाने के चक्कर में युवा अपनी और दूसरों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। वायरल वीडियो कोतवाली क्षेत्र के गांव धोरिया का बताया जा रहा है।

## थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

**गजरौला, अमृत विचार:** रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसडीएम चंद्रकांता ने कहा कि होली पर्व भाईचारे के साथ मनाए। होलिका दहन तय स्थानों पर ही करें। रमजान माह के दौरान नमाज भी तय स्थानों पर ही पढ़ने का सुझाव दिया।

कहा कि किसी भी स्तर पर नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। कानून व्यवस्था को चोट पहुंचाने के दोषियों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि होलिका दहन स्थल पर पुलिस पिकेट की तैनाती रहेगी। असामाजिक तत्वों की सख्त निगरानी की जाएगी। इस दौरान कपिल कुमार, दिवेश शर्मा, दिले चौधरी, माजिद चौधरी, खलीफा शब्बीर, राशिद कुरैशी, सनान आफंदी, मोहम्मद हनीफ आदि रहे।

# स्वामी श्रद्धानन्द जयंती पर किया यज्ञ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** स्वामी श्रद्धानन्द जयंती पर आर्य समाज में वैदिक यज्ञ का आयोजन आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री के ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुआ।

रविवार को आर्य समाज मंदिर में आयोजित यज्ञ के दौरान ईश्वर स्तुति, स्वस्तिवाचन, शांति करण, महामृत्युंजय मंत्र तथा देश में खुशहाली और समाज के कल्याण के लिए आहुतियां प्रदान की गईं। उपस्थित जनों ने समाज में सुख, शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य, दीर्घायु, यश-वैभव और पर्यावरण की शुद्धि की कामना की। इस अवसर पर वेदों के प्रचार-प्रसार का संकल्प भी लिया गया। मुख्य यजमान विनय प्रकाश आर्य रहे। कार्यक्रम में मंत्री अभय आर्य ने कहा कि वर्तमान परिवेश में वेदों का प्रचार अत्यंत


यज्ञ में आहुति डालते लोग। ● अमृत विचार

आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान वेदों में निहित है और हमें अपने बच्चों को वेदों से जोड़ना चाहिए। जिस घर में वेदों की ऋचाओं का वाचन होता है, वहां से नकारात्मकता दूर हो जाती है। इस दौरान महर्षि दयानंद द्वारा रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का वाचन यशवंत सिंह ने किया। आर्य समाज के नियम राघव अग्रवाल एवं संगठन सूक्त सुभाष दुआ ने प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रधान नत्थू सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, डॉ. गजेन्द्र पाल सिंह, अनिल जग्गा, विकास राठी, डॉ. जगत सिंह, राजीव यादव, सुनील गुप्ता, मनोहर लाल आर्य, विनय त्यागी, हेतराम सागर, राजीव शर्मा, आशा आर्या, सुनील कुमार, सतीश आर्य, पूरन लाल अरोड़ा, कौशल रस्तोगी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कार और मोपेड की टक्कर में तीन की मौत एक घायल

**बिजनौर, अमृत विचार :** कार और मोपेड की टक्कर में तीन लोगों की जान चली गई।

बिजनौर के रायपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक टाटा कार गढ़मालपुर फ्लाईओवर से उतरते ही अचानक अनियंत्रित हो गई। कार सामने से आ रहे ई-रिक्शा और एक मोपेड से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार कई पलटियां खाती हुई दूर जाकर गिर गई। हादसे में ई-रिक्शा और मोपेड भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मृतकों में कार चालक राजकुमार (30) निवासी मोहनपुर थाना मंडावली, मोपेड सवार राजू (45) निवासी बढ़ापुर और उनकी 25 वर्षीय बेटी अंशु हैं। ई-रिक्शा चालक धर्म सिंह और एक सवारी घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

